वार्षिक प्रतिवेदन

2015-16

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान

(एन.आई.ई.पी.एम.डी.)

वार्षिक प्रतिवेदन
2015-16



राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (एन.आई.ई.पी.एम.डी.)

(दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार)
ई.सी.आर. मुट्टुकाडु, कोयलम (पोस्ट), चेन्नई -603 112
फोन:044-27472113,27472104, फैक्स:044-27472389.
ई-मेल:niepmd@gmail.com, वेब: www.niepmd.tn.nic.in

विषय सूची

1	परिचय	01
	2015-16 के क्रियाकलापों की रूप रेखा	03
2	संगठनात्म संरचना	07
3	मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण 3.1.. दीर्घावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.2. अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम 3.3. संकाय सदस्य /अधिकारियों का कार्यशालाओं / सम्मेलनों संगोष्ठियों में सहभागिता	10
4	राष्ट्रीय पुनर्वास परीक्षा बोर्ड (एन.बी.ई.आर.)	25
5	सेवाएँ	27
6	विकलांग व्यक्तियों को साधन व उपकरण खरीदने हेतु सहायता योजना (एडिप)	75
7	अनुसंधान एवं विकास	78
8	मुख्य घटनाएँ	81
9	पूर्वोत्तर राज्यों में कार्यक्रम	109
10	विकलांग व्यक्तियों, उनके परिवारों, आधारिक स्तर कार्यकर्ताओं, पुनर्वास व्यावसायिकों को प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं अ.ज./ अ.ज.जा. अनुदान के अंतर्गत अ.ज./ अ.ज.जा. को लैपटॉप वितरण	119
11	प्रशासन	121
12	विकलांग व्यक्तियों के लिए समग्र क्षेत्रीय केन्द्र	129
13	लेखा परीक्षण रिपोर्ट तथा वार्षिक लेखें	135
	अनुलग्नक 1. अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण 2. संकाय सदस्यों की सूची / कार्यशालाओं / सम्मेलनों तथा संगोष्ठियों में अधिकारियों की सहभागिता एवं सम्मेलन /कार्यशाला में पेपर प्रस्तुती	i xiii

अध्याय I
परिचय

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार, प्रारंभ से विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) के सशक्तीकरण के उद्देश्य से कार्य कर रहा है । यह मंत्रालय अपने सात डिलेवरी मॉडलों द्वारा विकलांगजनों दिव्यांगजनों की सेवा कर रहा है । ये संस्थान 1980 से जागरूकता लाना, संवेदीकरण एवं मानव संसाधन विकास कार्यक्रम, अनुसंधान व विकास उपक्रम, सहायक उपकरण प्रदान करना, एवं विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) के लिये जीविकोपार्जन, जिससे विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) की सेवाओं को पुष्ट करने की भावना प्रदान कर रहा है । संयुक्त राष्ट्र ने (1982-1992) को विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) का दशक घोषित किया । जिससे अधिकतर राष्ट्रीय संस्थानों का प्रादुर्भाव हुआ । पहले आरंभ हुए ये संस्थान विभिन्न अलग श्रेणी के (एक ही तरह की विकलांगता) विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) के लिये कार्यरत् थे । 1993-2002 के बीच के दशक को विकलांग व्यक्तियों का एशिया पैसिफिक दशक घोषित किया गया । वर्ष 2003-13 को दिव्यांगजनों के लिए पैसिफिक दशक का विस्तार के रूप में विस्तारित किया गया ।

इस दशक ने भारत में पी डब्ल्यू डी 1995 अधिनियम एवं राष्ट्रीय न्यास 1999 अधिनियम के प्रस्ताव को उभारा/राष्ट्रीय न्यास अधिनियम (1999) के प्रस्तावोपरांत, बहु विकलांग व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया एवं तब केवल बहु विकलांग व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय संस्थानों को आरंभ करने की आवश्यकता महसूस हुई। उपरोक्त को पाने के मद्देनजर वर्ष 2005 में राष्ट्रीय बहु विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान का अस्तित्व हुआ । यह संस्थान ईस्ट कोस्ट रोड (ई.सी.आर.) मुत्तुकाडु, चेन्नई में चेन्नई सेंट्रल स्टेशन से 35 कि.मी दूर सुंदर माहौल में स्थापित किया गया । 2005 के प्रारंभ से विकलांग व्यक्तियों के साथ ही बहु विकलांग व्यक्तियों के लिये एन.आई.ई.पी.एम.डी. के रूप में आउट पेशेंट के आधार पर बहु शाखीय दल मॉडलों द्वारा सेवायें प्रदान करता आ रहा है, इसके अलावा कुटीर सेवायें व एक्सटेंशन सेवायें भी प्रदान करता आ रहा है ।

भारत की 2011 की जनगणना ने 8 प्रकार की विकलांगताओं का आंकड़ा दर्शाया है जिसमें पहली बार बहु विकलांगता को समाविष्ट किया है । इसने देश में बहु विकलांग व्यक्ति के घटनाक्रम का दस्तावेजीकरण किया है एवं समाज के इस वर्ग/समूह के पुनर्वास के लिये विभिन्न सेवाओं की योजना में एन.आई.ई.पी.एम.डी. को पथ प्रदर्शित किया है । 2011 की जनगणना के आंकड़ों ने देश में 2.68 करोड़ विकलांग व्यक्तियों को दर्शाया है जो कुल जनसंख्या का 2.21% जिसमें से 21.16 लाख बहु विकलांग वर्ग के हैं । इनका एक उद्देश्य है विकलांग व्यक्तियों के लिये सभी मानवाधिकार निश्चित करना, विशेषतः उन दिव्यांगजनों के लिये जिन्हें अत्यधिक आवश्यकता है जैसे - बहु विकलांग व्यक्ति ।

1.1 लक्ष्य एवं उद्देश्य

उद्देश्य संक्षेप में:

- बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए मानव संसाधन विकास के प्रबंधन का उत्तरदायित्व, प्रशिक्षण, पुनर्वास, शिक्षण, रोजगार एवं मानसिक विकास।
- बहुविकलांगता से संबंधित सभी क्षेत्रों में अनुसंधान करना व बढ़ावा देना।
- सामाजिक पुनर्वास के लिए ट्रांस डिसिप्लिनरी मॉडल व कार्यनीतियाँ बनाना एवं बहुविकलांग व्यक्तियों के विभिन्न समूहों की आवश्यकता को पूरा करना।
- बहुविकलांग व्यक्तियों के लिए आउटरीच कार्यक्रमों एवं सेवाओं का भार उठाना।

दूरदर्शिता (विज़न)

बहुविकलांग व्यक्तियों को सुधार रूप से जीवनयापन करने के लिए समान अधिकार है। अधिकतम व्यावसायिकता, अभिगम्य वातावरण, समान अवसर, सकारात्मक रवैया एवं उचित स्वीकार्य एवं उपलब्ध तकनीकी हस्तक्षेप को समर्थ करने के द्वारा सिद्ध किया जा सकता है।

मिशन

समावेशन सुसाध्यीकरण के लिए टीम अप्रोच द्वारा आवश्यकता आधार पर समग्र पुनर्वास प्रदान करना, बहुविकलांग व्यक्तियों व उनके परिवारों की साधिकारिता सुनिश्चित करना और इसका प्रमाणीकरण मानव संसाधनों के क्षेत्र आधारित अनुसंधान एवं विकास के द्वारा करना।

मूल्य कथन

क्लाईंटों, परिवारों, व्यावसायिकों, तथा समुदाय एजेंसियों के समान सहभागिता द्वारा बहुविकलांग व्यक्तियों के लिये जीवन की गुणवत्ता बढ़ाना।

वर्ष 2015-16 की क्रियाकलापों की रूप रेखा

वर्ष 2015-16 के दौरान बहु विकलांग जनों के सशक्तीकरण के लिये विभिन्न क्रियाकलाप आरंभ किये गये। एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 1 अप्रैल 2015 को तिरुवनमियुर, साईदापेट,वेलाचेरी, टी. नगर बीच एवं वाशरमैन पेट में ऑटिज्म जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। उक्त स्थानों पर जागरूकता बैनरों लगाये एवं सामान्य जनता के लिये हैंडआउट वितरित किये गये। इस अवसर पर एन.आई.ई.पी.एम.डी. भवन को नीले रंग के दीपों से अलंकृत किया गया। 2 अप्रैल 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. में ऑटिज्म वाले व्यक्तियों को प्रदान किये गये पुनर्वास क्रियाकलापों को वेधर टी वी चैनल ने प्रसारित किया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. के विस्तार केंद्र, मणिपूर में भी 2-अप्रैल 2015 को ऑटिज्म जागरूकता दिवस आयोजित किया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिताएँ, फन फेयर एवं अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। 28-29 अप्रैल 2015 के दौरान भारतीय पुनर्वास परिषद् द्वारा आयोजित बी.एड. (स्पेशल एडजुकेशन) विशेष शिक्षा (एमडी) के लिए कोर्स पाठ्यक्रम फ्रेम वर्क की बैठक एन.आई.ई.पी.एम.डी. में आयोजित की गई।

सुश्री आई.ए.निवित्ता, विशेष नियोक्ता (गेस्ट फैकल्टी- आभूषण बनाने वाली प्रशिक्षु, डी. ए. आई. एल.) एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 3 दिसंबर को नई दिल्ली में माननीय वित्त मंत्री अरूण जेटली के करकमलों से राष्ट्रीय पुरस्कार कार्यक्रम में बहु विकलांगता/दिव्यांग महिला सहित उत्तम कर्मचारी की श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया / पुरस्कार में प्रमाण – पत्र, नकद एवं पदक सम्मिलित थे।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 27-28 फरवरी 2016 को नई दिल्ली के इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड में बहु विकलांग (दिव्यांग) व्यक्तियों के सशक्तीकरण के शिक्षण के लिये सतत निरंतर विकास पर 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। माननीय केन्द्र मंत्री श्री थावरचंद गहलोत, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने 27 फरवरी 2016 को सम्मेलन का उद्घाटन किया। सुश्री सईमा वाजिद हुसैन, ऑटिज्म (स्पेक्ट्रम) एवं न्यूरो डेवलपमेंटल डिसॉर्डर, के राष्ट्रीय सलाहकार समिति, बंगला देश की अध्यक्षा इस कार्यक्रम की गेस्ट ऑफ ऑनर रहीं। डॉ. विनोद अग्रवाल, आई.ए.एस., दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, (डी.ओ.ई.पी.डब्ल्यू.डी), भारत सरकार के सचिव, श्री अवनीश के. अवस्थी, आई.ए.एस., सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता (डी.ओ.ई.पी.डब्ल्यू.डी), भारत सरकार के संयुक्त सचिव एवं श्रीमती अमिता टंडन, यूनिसेफ, नई दिल्ली, इस कार्यक्रम के सम्मानीय अतिथि रहे।

कार्यकारी परिषद् की 22 वीं बैठक सी आर सी, कोझीकोड, केरल में 5 जून 2015 को श्री अवनीश के. अवस्थी, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी डी ए, एम एस जे ड ई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। 8 जुलाई 2015 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन विभाग, नई दिल्ली, भारत सरकार के अधीन

राष्ट्रीय संस्थानों में किये गये कार्यों के पुनरावलेकन के लिये राष्ट्रीय संस्थानों व सी आर सी की सामान्य पुनरावलेकन बैठक का आयोजन किया गया।

बी.एड. स्पेशल एज्युकेशन (एम डी) का तीसरा स्नातक समारोह 16 जुलाई 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. में आयोजित किया गया । डॉ. लता पिल्लै, निदेशक, राजीव गांधी नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ यूथ डेवलपमेंट, श्री पेरिम्बदुर, मुख्य अतिथि रहीं एवं डॉ. श्रीमन्नारायण राव, अध्यक्ष - फाउंडर, डॉ के वी आर, फाउंडेशन, अमलापुरम, आंध्र प्रदेश, गेस्ट ऑफ ऑनर रहे । लगभग 17 स्नातक छात्रों ने स्नातक प्रमाण पत्र प्राप्त किये ।

श्री लव वर्मा, आई.ए.एस., सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, विकलांगजन सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार के सचिव ने 19 अगस्त 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. की भेंट की । सचिव ने सभी विभागों का दौरा किया एवं विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) को प्रदान की जा रही सेवाओं का पुनरावलोकन/पुनर्वीक्षण किया तथा एन.आई.ई.पी.एम.डी. के सभी कर्मचारियों से बातचीत की ।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को लैपटॉप, पी डबल्यू डी के अभिभावकों को कपड़े सिलने की मशीन एवं विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) को व्हीलचेयर एवं ट्रायसाइकिलें वितरित की एवं एन.आई.ई.पी.एम.डी. कैंपस में अथलैटिक ट्रैक, कला प्रदर्शनी, एवं आई सी टी लैब का 21 अगस्त 2015 को उद्घाटन किया । माननीय केन्द्र मंत्री श्री थावरचंद गहलोत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार मुख्य अतिथि रहे, श्री अवनीश कुमार अवस्थी, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी.ई.पी.डबल्यू.डी., सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय गेस्ट ऑफ ऑनर रहे । माननीय मंत्री मेसर्स गीता भवन ट्रस्ट, चेन्नई द्वारा प्रायोजित दिव्यांगों के 21 अभिभावकों कपड़े सिलने की मशीनों को वितरित कीं, मोटिवेशन इंडिया, बैंगलूरु द्वारा प्रायोजित 44 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के छात्रों ने लैपटॉप, दिव्यांगजनों को तीन ट्राइसाइकिलें एवं दो व्हील चेयर्स वितरित किये गये।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली में 10 अक्टूबर, 2015 को श्री अवनीश के अवस्थी, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी.डी.ए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय की अध्यक्षता में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कार्यकारिणी परिषद् की 23 वीं बैठक आयोजित की गई ।

जी एल आर ए एफ इंडिया एवं एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तारण केंद्र, अन्ना नगर, चेन्नई के सहयोग से बाढ़ राहत चिकित्सा शिविर का आयोजन 10 दिसंबर 2015 को नड्डवनकरै, एम जी आर कॉलोनी एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तारण केंद्र, अन्ना नगर, चेन्नई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 210 लाभार्थियों को चिकित्सा उपचार, दवाईयां वितरण, अभिभावकों को परामर्श एवं फिज़ियोथेरपी सेवाएं प्रदान की गई ।

स्वामी विवेकानंद की 12 जनवरी 2016 के जन्मावसर पर एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह आयोजित किया । इस अवसर पर एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया ।

1) युवा अभिभावकों के लिये ज्ञान प्रदायक कार्यक्रम कक्षा का उद्घाटन किया गया।
2) छात्र प्रतिभुओं के लिये जीवन कौशल अभिभावक कक्षा का उद्घाटन किया गया।
3) युवा अभिभावकों के जीविकोपार्जन कार्यक्रम (सिलाई व बुनाई, हस्तकला पाठ्यक्रम) का बैच प्रारंभ किया गया ।
4) संज्ञिसंवेदन सिटिंग का उद्घाटन किया गया ।
5) अंतरण कक्षा का उद्घाटन किया गया ।
6) अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रों के लिए लैपटॉप वितरण किया गया ।
7) राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान में विस्तारण सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया।
8) परिवार में बहु विकलांग व्यक्तियों के लिये बाह्य राहत सेवा केंद्र एवं
9) स्वामी विवेकानंद के विशेष संदर्भ में युवा विकास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तारण केंद्र का उद्घाटन एवं राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान श्री पेरुम्बुदुर में 12 जनवरी 2016 को राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए ऋण आधारित लैपटॉप वितरण किया गया । डॉ लता पिल्लै, निदेशक, राजीव गाँधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान ने एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तारण केंद्र का उद्घाटन किया एवं उद्घाटन समारोह में सभा को संबोधित किया । एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 14 फरवरी 2016 को पौंगल त्यौहार मनाया । एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 14 जनवरी 2016 को "बहु विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) के लिए आई सी टी पर अनुसंधान" पर आंतरिक संगोष्ठी का आयोजन किया । डॉ कोमथी, प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ इन्फरमेशन टेक्नॉलजी, हिंदुस्तान यूनिवर्सिटी, चेन्नई, इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे एवं (आई सी टी विषय पर खोज की) तथा आई सी टी विषय से अवगत कराया।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय विभाग में 8 मार्च 2016 को कार्यकारिणी परिषद् की 24 वीं बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता श्री अवनीश के. अवस्थी, संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी डी ए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने की, सह प्रोफेसर (विशेष शिक्षा) के पद के लिये डी.ओ.ई.पी.डब्ल्यू.डी, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने श्री अवनीश के अवस्थी संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी डी ए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के अधीन 8 मार्च 2016 को साक्षात्कार लिया गया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने बाढ़ से प्रभावित एवं 150 से अधिक बहु विकलांग बच्चों के परिवारों को आवश्यक सुविधायें प्राप्त करने के लिए बाढ़ राहत सहायता के रूप में प्रत्येक परिवार को रु.3000/- की वित्तीय सहायता प्रदान की।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. सिक्किम के विस्तारण केंद्र के कर्मचारियों ने, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सिक्किम सरकार एवं एन आई एम एच, सिकंदराबाद के सहयोग से (सिक्किम, पूर्वी (सिंगटम) दक्षिण (नामची), पश्चिम (गेलशिंग) एवं उत्तर (मंगन) 4 जिलों में) आयोजित जागरूकता बनाम निर्धारण शिविर में 2-24 अप्रैल 2015 में भाग लिया। लगभग 234 दिव्यांगजनों ने निर्धारण शिविर में भाग लिया।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 29 नवंबर - 1 दिसंबर, 2015 के दौरान स्वप्ना नागरी, ग्राउंड, कोझीकोड में दिव्यांगजनों के लिये यंत्र व सहायक उपकरणों के वितरण के लिये मेगा वितरण शिविर का आयोजन किया। माननीय केन्द्र मंत्री श्री थावरचंद गेहलोत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने शिविर का उद्घाटन किया एवं दिव्यांगजनों के लिए सहायक उपकरणों के वितरण किया। श्री एम.के.राघवन, राज्य सभा सदस्य, ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ एम.के. मुनीर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय केरल सरकार ने अवरोध मुक्त कोझीकोड परियोजना को प्रारंभ किया। गणमान्य अतिथि श्री अवनीश के अवस्थी, आई ए एस, संयुक्त सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, श्री एन, प्रशांत, आई ए एस जिलाधीश, कोझीकोड, श्री. वी. के सी. मामडकोया, वर्शिपफुल मेयर, कोझीकोड, श्री ए. प्रदीप कुमार, एम.एल.ए., श्री बाबू परासेरी, जिला पंचायत अध्यक्ष, ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

3 जनवरी 2016 के सी आर सी नेल्लोर के शिलान्यास समारोह में भी एन.आई.ई.पी.एम.डी. एवं एडिप वितरण शिविर में भाग लिया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. एवं मानव संसाधन विभाग कार्यक्रम के विभिन्न क्रियाकलापों के प्रचार के लिए (वेंकटाचलम मंडल में) एक स्टॉल भी लगाई। माननीय मंत्री श्री वेंकय्या नायडु, भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं विधान सभा मामले, एवं माननीय मंत्री श्री थावरचंद गहलोत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, की उपस्थिति में माननीय मंत्री श्री नारा चंद्रबाबु नायडु, मुख्य मंत्री, आंध्र प्रदेश, ने विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) को यंत्र व सहायक उपकरण वितरित किये।

अध्याय -2
संगठनात्मक संरचना

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान एक स्वायत्त संस्था है जो दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (एम.एस.जे.एण्ड ई) के अधीन तमिलनाडु सोसाईटी पंजीकरण अधिनियम 1975 (1975 का तमिलनाडु अधिनियम 27) के अंतर्गत पंजीकृत है जिसकी पंजीकरण संख्या : 59/2006 दिनांक 23 अक्तूबर, 2006 है।

महापरिषद् (जी.सी.) के अध्यक्ष सचिव, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय हैं और कार्यकारिणी परिषद् (ई.सी.) के अध्यक्ष संयुक्त सचिव (दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), हैं। निदेशक, , जी.सी. और ई.सी. के मार्गदर्शन के अधीन संस्थान के क्रियाकलापों को कार्यान्वित करते हैं।

2.1 महापरिषद्: यह परिषद् इस संस्थान के समूचे प्रबंधन का मार्गदर्शन करती है और मॉनीटर करती है। रिपोर्ट की जा रही अवधि के दौरान चेन्नई में परिषद् 8 अप्रैल, 2016 को मिली। सदस्यों की सूची निम्नानुसार है।

क्र.	नाम	क्र.	नाम
01	सचिव, भारत सरकार, डी.डी.ए., एम.एस.जे.ई. (अध्यक्ष)	14	श्रीमति विशाला ईश्वर, बैंगलूर, (सदस्य)
02	संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी.डी.ए., एम.एस.जे.ई., (सदस्य)	15	श्री ए.महीन्दरन, चेन्नई, (सदस्य)
03	संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, डी.डी.ए., एम.एस.जे.ई. (सदस्य)	16	डॉ.कल्याण क्रिष्णन, आई.आई.टी. चेन्नई, (सदस्य)
04	निदेशक, आई.एफ.डी. (सदस्य)	17	निदेशक, स्वास्थ्य सेवा, एम.एच.एफ.डब्ल्यू, (सदस्य)
05	महानिदेशक, रोजगार व प्रशिक्षण, श्रम मंत्रालय, (सदस्य)	18	प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
06	अध्यक्ष, भारतीय पुनर्वास परिषद् (सदस्य)	19	मेडिकल हेल्थ लर्वीलेस् के प्रधान सचिव एवं निदेशक, तमिलनाडु सरकार (सदस्य)
07	अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास, (सदस्य)	20	संयुक्त सचिव, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार (सदस्य)
08	श्री अमिताभ मेहरोत्रा (सदस्य)		
09	डॉ.एस.एस.बद्रिनाथ, संकर मंत्रालय, (सदस्य)	21	निदेशक, ए.आई.जे.एन.आई.एच.एच., (सदस्य)
10	श्री ए.बालराज, (सदस्य)	22	निदेशक, एन.आई.एम.एच., (सदस्य)
11	सुश्री नंदिता गुर्जर, इन्फोसिस, (सदस्य)	23	निदेशक, एन.आई.डी.एच., (सदस्य)
12	श्री एन.थॉमस पेन्गल्ली,(सदस्य)	24	निदेशक, ए.आई.जे.एन.आई.ओ.एच., (सदस्य)
13	श्री राजेन्द्रन, तिरुचिरापल्ली, (सदस्य)	25	डॉ.हिमांशु दास, निदेशक, (सदस्य सचिव)

महापरिषद् की भूमिका एवं क्रियाकलाप:

i. वार्षिक प्रतिवेदन पर विचार करना;

ii. पिछले वर्ष की तुलन पत्र एवं लेखापरीक्षित लेखों पर विचार करना

iii. अनुवर्ती वर्ष के बजट प्रस्तावों की प्राप्ति एवं विचार

iv. अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार ऐसे अन्य मामला या मामले

v. महापरिषद् के अध्यक्ष सभी बैठकों की अध्यक्षता करेंगे और अन्य मामलों पर विचार प्रदान करने हेतु कार्यकारिणी परिषद् को प्रस्तावित करेंगे जिन पर विचार करने की आवश्यकता हो।

2.2 कार्यकारिणी परिषद्:

महापरिषद् के साधारण नियंत्रण एवं निर्देश के अधीन कार्यकारिणी परिषद् संस्थान के मामलों का प्रबंधन एवं प्रशासन के लिए उत्तरदायी है। परिषद् को दिये गये अन्य कार्य हैं -

i. संस्थान के प्रयोजन के लिए विस्तृत नीति बनाकर उसका कार्यान्वयन करना

ii. बजट आकलनों का पुनरीक्षण करना एवं मंजूरी देना

iii. वित्तीय उपविधियों में निर्धारित व्यय का अनुमोदन करना

iv. लाभकारक नियमों व शर्तों पर विचार करना

iv. पदों का सृजन करना एवं स्टाफ को भर्ती करना एवं नियुक्त करना

रिपोर्ट की जा रही अवधि के दौरान, 05.06.15, 10.10.15 एवं 08.03.16 को मिली। सदस्यों की सूची निम्नानुसार है।

क्र.	नाम	क्र.	नाम
01	संयुक्त सचिव, भारत सरकार, डी.डी.ए., एम.एस.जे.ई है (अध्यक्ष)	03	उप सचिव (एन.आई. व डी.डी.-I), सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सदस्य)
02	संयुक्त सचिव एवं वित्त सलाहकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार (सदस्य)	04	निदेशक, एन.आई.ई.पी.एम.डी. (सदस्य सचिव)

2.3 शैक्षणिक समिति:

संस्थान द्वारा लिये जाने वाले प्रशिक्षण, अनुसंधान एवं पुनर्वास संबंधी कार्यक्रमों पर शैक्षणिक समिति सलाह एवं मार्गदर्शन देती है। समिति के अध्यक्ष डॉ.रत्न, भूतपूर्व निदेशक, ए.आई.आई.एस.एच. हैं और पुनर्वास क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञ समिति के सदस्य हैं। समिति के सदस्यों की संरचना निम्नानुसार है -

क्र.	नाम	क्र.	नाम
01	डॉ. रत्न, पूर्व निदेशक, ए.आई.आई.एस.एच., (अध्यक्ष)	07	डॉ.रूक्मानिधि, विभागाध्यक्ष (साईकोलोजी), मद्रास विश्वविद्यालय (सदस्य)
02	डॉ.ए.के.मित्तल पूर्व शैक्षिक निदेशक, एन.आई.वी.एच., (सदस्य)	08	प्रो. कृष्ण नागराजा, विभागाध्यक्ष, स्पीच एण्ड हियरिंग विभाग, रामचंद्र मेडिकल कॉलेज (सदस्य)
03	प्रो. पी.जयचन्द्रन, निदेशक, विजय ह्यूमन सर्विसेस, (सदस्य)	09	डॉ.पुरुषोत्तम, प्रोफेसर साईकोलॉजिस्ट, (सदस्य)
04	डॉ.विजयलक्ष्मी मैरिडी, व्याख्याता, विशेष शिक्षा, एन.आई.एम.एच. (सदस्य)	10	प्रो. रंगास्वामी, प्राचार्य एवं संस्थापक, स्वीकार-उपकार रीहैबिलिटेशन इन्स्टीट्यूट, (सदस्य)
05	श्री अभिन पॉल, निदेशक, सेन्स इन्टरनेशनल (सदस्य)	11	निदेशक, , एन.आई.ई.पी.एम.डी. - कन्वीनर
06	सिस्टर (डॉ.) रीता मेरी, गाईडेंस होम फार दि एबल्ड हैन्ड मर्सीस् (सदस्य)		

PMR- Physical Medicine & Rehabilitation, Spl. Edn.-Special Education, AIL- Adult Independent Living, SH&C- Speech Hearing & Communication, SW- Social Work, Asso.Prof.- Associate Professor, Dy. Registrar- Deputy Registrar, R.O.- Rehabilitation Officer, Prog. Asst.- Program Assistant

अध्याय 3
मानव संसाधन विकास एवं प्रशिक्षण

एन.आई.ई.पी.एम.डी. बहुदिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए एक राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र है, जिसका मुख्य अधिदेश दिव्यांगजन के लिए एवं उनके सशक्तिकरण के लिए मानव संसाधन विकास करने हेतु अनुसंधान एवं नई पद्धतियों पर कार्य करें। वर्ष 2015-16 के दौरान भारतीय पुनर्वास परिषद् के लिए एन.आई.ई.पी.एम.डी. के संकाय सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ सदस्य के मार्गदर्शन में एक समिति के रूप में कुछ अति मुख्य ड्राफ्ट करीकुलम तैयार किये।

3.1. दीर्घावधि पाठ्यक्रम

3. 1.1 नए पाठ्यक्रम विकास की पहल

बहुविकलांगता /सेरेब्रल पाल्सी/ आटीज्म स्पैक्ट्रम डिसार्डर्स के क्षेत्र में भारतीय पुनर्वास परिषद् के लिए नये ड्राफ्ट पाठ्यक्रम विकसित किये।

क्र.	पाठ्यक्रम	पाठ्यक्रम का संक्षिप्त नाम	पाठ्यक्रम की अवधि
1	मास्टर इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज़)	एम.एड.एस.ई. (एम.डी)	दो वर्ष
2	मास्टर इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (आटीज्म स्पैक्ट्रम डिसार्डर)	एम.एड.एस.ई. (ए.एस.डी)	दो वर्ष
3	बैचलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (आटीज्म स्पैक्ट्रम डिसार्डर)	बी.एड.-एस.ई. (ए.एस.डी.)	दो वर्ष
4	बैचिलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (डिफ्लाईड)	बी.एड.-एस.ई. (डीवी)	दो वर्ष
5	डिप्लोमा इन एजुकेशन-स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज़)	डी.एड.-एस.ई. (एम.डी.)	दो वर्ष

3.1.2. प्रस्तावित नए पाठ्यक्रम:

नई पहल- स्नातकोत्तर, स्नातक तथा डिप्लोमा स्तर के कार्यक्रम जो शैक्षणिक वर्ष 2016-17 से चलाये जाएंगे।

क्र	पाठ्यक्रम	अवधि	संबद्धता	मान्यता देने वाला संगठन
1	मास्टर इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज)	2 वर्ष	तमिलनाडु टीचर्स एजुकेशन यूनिवर्सिटी	भारतीय पुनर्वास परिषद्
2	मास्टर इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर)	2 वर्ष		भारतीय पुनर्वास परिषद्
3	बैचिलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर)	2 वर्ष		भारतीय पुनर्वास परिषद्
4	बैचिलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (हियरिंगइंपेयर्ड)	2 वर्ष		भारतीय पुनर्वास परिषद्
5	बैचिलर इन आक्युपेशनल थिरेपी	4.5 वर्ष	दि तमिलनाडु डॉ.एम.जी.आर मेडिकल यूनिवर्सिटी	लागू नहीं
6	बैचिलर्स इन फिजियोथिरेपी	4.5 वर्ष		लागू नहीं
7	बैचिलर इन ऑडियोलाजी, स्पीच लैंगवेज पैथालजी	4 वर्ष		लागू नहीं
8	डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज)	2 वर्ष		भारतीय पुनर्वास परिषद्
9	पी.एच.डी. इन डिसेबिलिटी स्टडीज / अंतर विषयी	3 वर्ष	आरसीएनआईएचडी	लागू नहीं
10	सर्टीफिकेट कोर्स इन केयर गिविंग	10 महीने	भारतीय पुनर्वास परिषद्	भारतीय पुनर्वास परिषद्
11	सर्टीफिकेट कोर्स इन केयर गिविंग	6 महीने	एन.आई.ई.पी.एम.डी.	एन.आई.ई.पी.एम.डी.
12	सर्टीफिकेट कोर्स इन केयर गिविंग	3 महीने	एन.आई.ई.पी.एम.डी.	एन.आई.ई.पी.एम.डी.

3.1. 3. पुनः प्रारंभ किये गये पाठ्यक्रम: वर्ष 2016-17 से चलाने के लिए अनुमोदन प्राप्त हुआ है।

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	संबंधता	मान्यता देने वाला संगठन
1	पोस्ट बैसुएट डिप्लोमा इन डेवलपमेंटल थिरेपी (एम.डी. - पीएचसहित)	1 वर्ष+ 3 महीने का इंटर्नशिप	नागार्जुन विश्वविद्यालय	भारतीय पुनर्वास परिषद्
2	पोस्ट बैसुएट डिप्लोमा इन एर्ली इंटरवेंशन	1 वर्ष	नागार्जुन विश्वविद्यालय	भारतीय पुनर्वास परिषद्

3.1.4. वर्ष 2016-17 में दिये जाने वाले विशेष कार्यक्रम जिसका आरंभ किया गया

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	मान्यता देने वाला संस्थान	आयोजन का स्थान
1	केयर गिविंग में सर्टीफिकेट कोर्स	3 महीने	राष्ट्रीय स्थान	एन.आई.ई.पी.एम.डी. एवं एक्टेन्शन सेन्टर
2	केयर गिविंग में सर्टीफिकेट कोर्स	6 महीने	राष्ट्रीय स्थान	एन.आई.ई.पी.एम.डी.एवं एक्टेन्शन सेन्टर
3	केयर गिविंग में सर्टीफिकेट कोर्स	10 महीने	भारतीय पुनर्वास परिषद्	एन.आई.ई.पी.एम.डी.एवं एक्टेन्शन सेन्टर

*वर्ष 2016-17 से पी.एच.डी. कार्यक्रम आरंभ करने के लिए विशेष कार्यवाही की गई।

3.1.5 वर्ष 2015-16 में आयोजित पाठ्यक्रम

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि	संबंधन	मान्यता देने वाला संगठन
1	एम.फिल. इन क्लिनिकल साइकोलोजी	2 वर्ष	मद्रास विश्वविद्यालय	भारतीय पुनर्वास परिषद्
2	बैचलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज)	2 वर्ष	तमिलनाडु टीचर्स एजुकेशन यूनिवर्सिटी	भारतीय पुनर्वास परिषद्
3	डिप्लोमा इन एजुकेशन - विशेष शिक्षा (आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर)	2 वर्ष	-	भारतीय पुनर्वास परिषद्
4	डिप्लोमा इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (डेफब्लाइंड)	2 वर्ष	-	भारतीय पुनर्वास परिषद्
5	डिप्लोमा इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (सेरेब्रल पालसी) *केवल द्वितीय वर्ष	2 वर्ष	-	भारतीय पुनर्वास परिषद्

3.1.6. एच.आर.डी. कार्यक्रम में लिंग एवं विशेष वर्ग साधिकारिता अनुपात

एन.आई.ई.पी.एम.डी. में वर्ष 2015-16 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों का लिंगवार एवं वर्गवार विवरण

क्र.	पाठ्यक्रम	प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या	लिंग		वर्ग				दिव्यांगजन
		क्र.	पु	म	अज	अजाजा	अपिव	सा	
1	एम.फिल. इन क्लिनिकल साइकोलोजी	06	01	05	02	–	02	02	Nil
2	बैचिलर्स इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (मल्टीपल डिसेबिलिटीज)	18	03	15	02	–	18	–	05
3	डिप्लोमा इन एजुकेशन - विशेष शिक्षा (आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर) - प्रथम वर्ष	26	07	19	11	03	11	01	–
4	डिप्लोमा इन एजुकेशन - विशेष शिक्षा (आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर) -द्वितीय वर्ष	26	6	20	8	2	18	–	2
5	डिप्लोमा इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (डेफब्लाइंड) - प्रथम वर्ष	15	05	10	03	02	08	02	02
6	डिप्लोमा इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (डेफब्लाइंड) - द्वितीय वर्ष	8	4	4	4	–	3	1	1
7	डिप्लोमा इन एजुकेशन - स्पेशल एजुकेशन (सेरेब्रल पालसी) - केवल द्वितीय वर्ष	9	–	9	3	2	4	–	–
	कुल	108	26	82	33	09	60	06	10

3.1.7. राजस्व प्राप्त

एच.आर.डी. कार्यक्रमों से प्राप्त एक्रुयल्स / राजस्व

क्र.	पाठ्यक्रम	प्राप्त राजस्व
1	डी.एड.-एस.ई. (एएसडी) I व II वर्ष	5,20,000
2	डी.एड.-एस.ई. (सीपी) II वर्ष	90,000
3	डी.एड.-एस.ई. (डीबी) I व II वर्ष	2,30,000
4	बी.एड.-एस.ई. (एम.डी) I वर्ष	8,80,000
5	एम.फिल. (क्लिनिकल साइकोलोजी) I व II वर्ष	6,44,000
	कुल	23,64,000

3.1.8 विशेष लक्षित समूह

विशेष आवश्यकता वाले छात्रों व अभिभावकों जिन्हें पाठ्यक्रम में अनुकूलन एवं आवास तथा व्यक्तिगत सहायता की आवश्यकता है -

क्र.	पाठ्यक्रम	विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की संख्या	विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अभिभावकों की संख्या
1	डी.एड.-एस.ई. (एएसडी)	शून्य	02
2	डी.एड.-एस.ई. (सीपी)	02	02
3	डी.एड.-एस.ई. (डीबी)	शून्य	शून्य
4	बी.एड.-एस.ई. (एम.डी)	05	01
5	एम.फिल. (क्लिनिकल साइकोलोजी)	शून्य	शून्य

3.1.9. भर्ती किये गये पूर्वोत्तर राज्य के छात्र

शैक्षणिक वर्ष 2015-16 के दौरान, एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने पूर्वोत्तर राज्य के छात्रों को पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने के लिए विशेष योजना चलायी। राज्यवार वितरण निम्नानुसार है-

क्र.	पाठ्यक्रम	राज्य	विद्यार्थियों की संख्या
1	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) एवं (डीबी) - I वर्ष	अरुणाचल प्रदेश	02
2	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) एवं (डीबी) - I वर्ष	मेघालय	02
3	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) - I वर्ष	सिक्किम	01
4	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) - I वर्ष	त्रिपुरा	01

वर्ष 2015-16 में एन.ई.-एच.आर.डी. योजना आधारित सेवाएँ प्राप्त करने वाले पूर्वोत्तर राज्य के सीनियर बैच छात्र

क्र.	पाठ्यक्रम	राज्य	विद्यार्थियों की संख्या
1	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) व (डीबी) - II वर्ष	असम	03
2	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) व (सीपी) - II वर्ष	मेघालय	02
3	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) व (सीपी) - II वर्ष	मणिपुर	02

3.1.10. छात्रों को छात्रवृत्ति

एच.आर.डी. छात्रों के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएँ प्रदान की जा रही हैं। छात्रवृत्ति प्राप्त विद्यार्थियों का विवरण निम्नानुसार है -

क्र.	छात्रवृत्ति योजना का नाम	पाठ्यक्रम	लाभान्वित की संख्या
01	विकलांग विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना एम.एस.जे.ई., भारत सरकार, नेशनल ई-स्कॉलरशिप पोर्टल के द्वारा	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) व (डीबी) बी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एमडी)	10
02	अ.ज./ अ.ज.जा. विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप योजना। तमिलनाडु सरकार के आदि द्राविडर व ट्राईबल वेल्फेयर विभाग स्टेट ई-स्कॉलरशिप पोर्टल के द्वारा	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (सीपी) डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (डीबी) बी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एमडी) एम.फिल. (क्लि.साई.)	22

3.1.11. अ.ज./ अ.ज.जा. विद्यार्थियों के लिए विशेष सहायता

एच.आर.डी. कार्यक्रम के विद्यार्थियों को लैपटॉप वितरित किये गये।

क्र.	पाठ्यक्रम	अ.जा./ अ.ज.जा. विद्यार्थियों के लिए विशेष सहायता
1	डी.एड.-एसई (एएसडी)	09
2	डी.एड.-एसई (डीबी)	02
3	डी.एड.-एसई (सीपी)	–
4	बी.एड.-एसई (एमडी)	–
5	एम.फिल.(क्लि.साई)	02
कुल		13

3.1.12. प्रमुख व्यक्तियों की भेंट

प्रमुख व्यावसायिकों या संसाधन व्यक्ति / अतिथि संकाय के रूप में - अपने अपने क्षेत्र अर्थात्, आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर, डेफब्लाईड, सेरेब्रल पाल्सी, इंटलेक्चुयल डिसेबिलिटी, क्रॉस डिसेबिलिटी के विशेषज्ञ तथा बहुविकलांगता क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने वर्ष 2015-16 के दौरान एन.आई.ई.पी.एम.डी. की भेंट की। उन्होंने एच.आर.डी. छात्रों एवं द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सहभागियों के साथ अपने अनुभवों का आदान प्रदान किया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. को भेंट किये प्रमुख व्यावसायिक -

1. प्रो.जयचन्द्रन, निदेशक, वी.एच.एस., पैनवाड़ी
2. प्रो.एस.आर.मित्तल, माननीय प्रोफेसर, एन.आई.वी.एच. देहरादून, विशेष शिक्षा के पूर्व प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय
3. प्रो. अभिलाष मिश्र, इग्नू, नई दिल्ली
4. प्रो. रुमिना लाल, मुम्बई
5. प्रो.सुषमा शर्मा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय
6. सुश्री अलीमा गुहा, पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास
7. डॉ.डी.के.मेनन, पूर्व निदेशक, एन.आई.एम.एच.
8. डॉ.जयन्ती नारायण, पूर्व उपनिदेशक, एन.आई.एम.एच.
9. डॉ.आर.के.होरा, पूर्व एच.ओ.डी., मेडिकल साईंस, एन.आई.एम.एच.
10. श्री अखिल पॉल, एक्जिक.निदेशक, सेन्स इन्टरनेशनल इंडिया लिमिटेड, अहमदाबाद
11. सुश्री अनुराधा बक्शी, पाठ्यक्रम समन्वयक, हेलेनकेलर, मुम्बई
12. डॉ.प्रतिमा कारंत, निदेशक कॉम डीसेल
13. डॉ.बालकृष्ण, एच.ओ.डी.-ई.एन.टी., एस.आर.एम.विश्वविद्यालय
14. डॉ.अन्बुदुरई, पूर्व साईकियाट्रिस्ट, जनरल अस्पताल
15. डॉ.वी.मुरुगन, पूर्व न्यूरोलॉजिस्ट, (पीडि), जनरल
16. पद्मश्री डॉ.मोहन कामेश्वरन, संस्थापक एम.ई.आर.एफ.
17. डॉ.पी.डी.एन.मदन कुमार., एच.ओ.डी. रागास डेन्टल कॉलेज
18. डॉ.मीनाक्षी, आफ्थमॉलजिस्ट, शंकर नेत्रालय
19. डॉ.शालिनी, आफ्थमॉलजिस्ट, शंकर नेत्रालय
20. डॉ.सारिका, ऑप्टोमेट्रिस्ट, आफ्थमॉलजिस्ट, शंकर नेत्रालय
21. डॉ. कृष्ण कुमार, प्राचार्य, स्कूल ऑफ आप्टोमेट्री, शंकर नेत्रालय

3.1.13. परिणाम प्रोफाइल

अंतिम वर्ष : 2013-15 बैच

क्र.	पाठ्यक्रम	परीक्षण संस्थान	परीक्षा में उपस्थित छात्रों की संख्या	प्राप्त श्रेणी			पुन:उपस्थिति / सम्बन्धित परिणाम
				विशिष्टता	प्रथम श्रेणी	द्वितीय श्रेणी	
1	एम.फिल. (क्लि.साई.)	मद्रास विश्वविद्यालय	04	—	03	—	01
2	बी.एड.-एसई (एमआर) 2014-15 बैच	टीएनटीईयू	20	04	15	—	01
3	पीजीडीईआई 2014-15 बैच	मद्रास विश्वविद्यालय	04	04			शून्य
4	डी.एड.-एसई (एएसडी)	एन.बी.ई.आर.	17	11	06	—	शून्य
5	डी.एड.-एसई (सीपी)	एन.बी.ई.आर.	14	09	05	—	शून्य

प्रथम वर्ष : 2014-2016 बैच

क्र.	पाठ्यक्रम	परीक्षण संस्थान	परीक्षा में उपस्थित छात्रों की संख्या	परिणाम
1	एम.फिल. (क्लि.साई.)	मद्रास विश्वविद्यालय	04	अपनी प्रथम वर्ष की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र हुए और जुलाई / अगस्त 2016 में द्वितीय वर्ष की परीक्षा में उपस्थित होने वाले छात्र
2	बी.एड.-एसई (एमआर)	टीएनटीईयू	18	
3	डी.एड.-एसई (एएसडी)	एन.बी.ई.आर.	25	
4	डी.एड.-एसई (सीपी)	एन.बी.ई.आर.	09	
5	डी.एड.-एसई (डीबी)	एन.बी.ई.आर.	08	

3.1.14. प्लेसमेंट प्रोफाईल

प्लेसमेंट को प्रोन्नत करने के लिए एवं एच.आर.डी. के भूतपूर्व छात्रों को ट्रैक करने के लिए एन.आई.ई.पी.एम.डी. की नयी पहल

क्र.	पाठ्यक्रम	परीक्षण संस्थान	पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छात्रों की संख्या	सरकारी कार्यालयों में स्थापित छात्रों की संख्या	गैर सरकारी संगठनों / अन्य संगठनों में स्थापित छात्रों की संख्या	प्लेसमेंट किये गये कुल छात्रों की संख्या
1	एम.फिल. (फिल.साई.)	मद्रास विश्वविद्यालय	00	01	02	03
2	बी.एड.-एसई (एमडी)	टीएनटीईयु	19	03	16	19
3	पीजीडीईआई	मद्रास विश्वविद्यालय	04	02	02	04
4	डी.एड.-एसई (एएसडी)	आर.सी.आई.-एन.आई.ई.पी.एम.डी.	17	01	06	07
5	डी.एड.-एसई (सीपी)	आर.सी.आई.-एन.आई.ई.पी.एम.डी.	14	—	11	11
कुल			57	07	37	44

* कोई भूतपूर्व छात्र के बेरोजगारी का रिपोर्ट नहीं है, अधिकतर भूतपूर्व छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

3.1.15. रोजगार संगठन (2015-16)

1. एन.आई.ई.पी.एम.डी. - कॉन्ट्रैक्ट आधार पर
2. मार्स एकाडमी, चेन्नई
3. सत्यलोक स्कूल फार स्पेशल चिल्ड्रन, चेन्नई
4. लिटिल हार्ट्स् स्कूल, चेन्नई
5. वसंतम स्पेशल स्कूल, चेन्नई
6. आरडीटी, अनंतपुर
7. संबंधित स्थानों में प्राईवेट स्कूल

3.1.16. दीक्षान्त समारोह - 2015

शैक्षणिक वर्ष 2013-14 के दौरान बी.एड. - एस.ई. (एम.डी.) में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का तीसरा दीक्षान्त समारोह 16 जुलाई, 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. में आयोजित किया गया। डॉ.लता पिल्लै, निदेशक, आर.जी.एन.आई.वाई.डी. इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे एवं डॉ.श्रीमन्नारायण, निदेशक, डॉ.के.वी.आर. रीसर्च फाउन्डेशन, अमलापुरम को इस समारोह में माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

3.1.17. शैक्षिक दौरे

पाठ्यचर्या के एक भाग के रूप में, एच.आर.डी. विद्यार्थियों को देश भर में फुलवारीस क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न संगठनों की भेंट करने का अवसर प्रदान किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2015-16 के दौरान एच.आर.डी. विद्यार्थियों द्वारा भेंट किये गये संगठनों का विवरण इस प्रकार है -

क्र.	पाठ्यक्रम	भेंट किये गये स्थान	भेंट किये गये संगठनों की संख्या
1	डी.एच.-एसई (एसडी)	नई दिल्ली	07
2	डी.एच.-एसई (सीपी)	कोलकाता (प.बं)	05
3	डी.एच.-एसई (डीपी)	देहरादून, नई दिल्ली	07
4	डी.एच.-एसई (एमडी)	नागापट्टिनम (तमिलनाडु)	विशेष शिविर एवं 2 संगठनों की भेंट

3.1.18. सह-शैक्षिक क्रियाकलाप

विद्यार्थियों को सह-पाठ्यचर्या क्रियाकलापों के भाग के रूप में, उन्हें एम.आई.ई.पी.एम.डी. द्वारा आयोजित शिविरों, अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, राष्ट्रीय सम्मिट एवं राज्य स्तर के संगोष्ठियों में शामिल किया गया। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के उत्सवों के दौरान एच.आर.डी. विद्यार्थियों के लिए विभिन्न क्रियाकलापों का आयोजन किया गया और उन्होंने अत्यंत उत्साह पूर्वक निम्नोक्त कार्यक्रमों में भाग लिया।

1. ड्रॉइंग प्रतियोगिता
2. पोस्टर प्रस्तुतीकरण
3. वाद-विवाद प्रतियोगिता
4. नृत्य प्रतियोगिता
5. कविता-पाठ प्रतियोगिता
6. गायन प्रतियोगिता

3.1.19. उत्तम छात्र

2014-15 के प्रत्येक पाठ्यक्रम के उत्तम छात्र जिन्होंने एन.आई.ई.पी.एम.डी. को गौरवान्वित किया।

क्र.	पाठ्यक्रम	प्राप्त प्रतिशत	छात्र का नाम
1	एम.फिल. (क्लिनिकल साईकोलोजी)	68.25%	सुश्री एस.अकिला
2	बी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एमडी)	81.80%	सुश्री पी.ऐश्वर्या
3	पीजीडीईआई	78.18%	सुश्री डी.प्रवीना
4	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (एएसडी)	86.40%	सुश्री एस.स्टेल्ला
5	डी.एड.-स्पेशल एजुकेशन (सीपी)	79.00%	सुश्री एस.शयन्या

छात्रों की साझेदारी में की गई नई पहल

1. ऐन्टी रैगिंग सेल
2. जेन्डर सम्वेदन व प्रोटेक्शन सेल
3. मैस समिति
4. डिबेट्स् एण्ड को-स्कॉलास्टिक सोसाईटी
5. कल्चरल क्लब
6. वॉल मैगजीन क्लब
7. सैमिनार क्लब
8. स्पोर्ट व जिम क्लब
9. जी.के. व क्विज क्लब
10. क्लॉस इंडिया क्लब

3.1.20. साझेदार संस्थानों को एच.आर.डी. प्रशिक्षकों की सेवायें

विभिन्न संस्थानों /संगठनों/ विश्वविद्यालयों / के विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को एन.आई.ई.पी.एम.डी. इन्टर्नशिप / क्षेत्र प्लेसमेंट प्रदान करता है। इसी प्रकार, पुनर्वास क्षेत्र में अनुसंधान अध्ययन करने हेतु छात्रों को अनुमति प्रदान करता है।

इंटर्नशिप प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या	संगठनों / संस्थानों की संख्या	उत्पन्न राजस्व
244	35	1,85,250

सेवा प्रदान किये गये लक्ष्य

क्र.	विषय	प्रशिक्षित छात्रों की संख्या
1	विशेष शिक्षा	03
2	पुनर्वास विज्ञान	11
3	वाणी चिकित्सा	74
4	आयुर्विज्ञान	02
5	भौतिक चिकित्सा	60
6	आक्युपेशनल चिकित्सा	20
7	समाज कार्य	07
8	मनोविज्ञान	53
9	अन्य	14
		244

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के इंटर्नशिप साझेदार :

1. मद्रास मेडिकल कॉलेज, चेन्नई
2. अन्नामलई विश्वविद्यालय, चिदम्बरम
3. पांडिचेरी विश्वविद्यालय, पुदुचेरी
4. विनायक मिशन विश्वविद्यालय, पुदुचेरी
5. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कर्नाटका
6. आई.यु.सी.एस. एमजी विश्वविद्यालय, केरल
7. चेट्टीनाडु विश्वविद्यालय, चेन्नई
8. भारतीयार विश्वविद्यालय, कोयम्बतूर
9. अविनाशिलिंगम विश्वविद्यालय, कोयम्बतूर
10. दि तमिलनाडु डॉ.बी.आर.अम्बेडकर लॉ विश्वविद्यालय, चेन्नई
11. युनिवर्सिटी ऑफ बाल्टीमोर कन्ट्री, यु.एस.ए.
12. नेशनल इन्स्टीट्यूट फॉर मेंटल हेल्थ, सिकन्दराबाद
13. श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज, चेन्नई
14. इन्स्टिट्यूट ऑफ अडवांस स्टडी इन एजुकेशन, चेन्नई
15. श्री रामचंद्र मेडिकल कॉलेज, चेन्नई
16. एसआरएम कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, चेन्नई
17. एसआरएम कॉलेज ऑफ आक्युपेशनल थेरेपी, चेन्नई
18. एसआरएम कॉलेज हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च, चेन्नई
19. एसआरएम कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, चेन्नई
20. होली क्रॉस कॉलेज, ट्रिची
21. प्रेसिडेंसी कॉलेज, चेन्नई
22. पेट्रीशियन कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड साइंस, चेन्नई
23. मद्रास स्कूल ऑफ सोशल वर्क, चेन्नई
24. विक्रम हॉस्पिटल, बैंगलूर
25. विजय ह्यूमन सर्विसेस, चेन्नई
26. हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड साइंस
27. मदर थेरेसा पीजी एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट फॉर हेल्थ साइंस, पुदुचेरी
28. एसएसएन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, चेन्नई
29. चेन्नई कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी, चेन्नई
30. दि बनयन अकादमी ऑफ लीडरशिप इन मेंटल हेल्थ, चेन्नई
31. भारती विमेन्स कॉलेज, चेन्नई
32. त्यागराजर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, मदुरई
33. श्रीनिवास स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, मैंगलूर
34. गुडविल चिल्ड्रन होम, कोडाईकेनाल

3.2. अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम

अल्पकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है जिसमें सतत पुनर्दोस कार्यक्रम (सीआरई), कार्यशालाएँ, सम्मेलन, अभिमुखी व संवेदीकरण कार्यक्रम शामिल है। सरकारी तथा गैर सरकारी संगठनों के अधिकारियों को पुनर्दोस तथा संबंधी क्षमादसार्थी में अपने अपने ज्ञान को अद्यतन करने के लिए अभिमुखी बनाने के लिए इन कार्यक्रमों का आयोजन देश भर में किया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान, संस्थान ने ऐसे 247 कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें पुनर्दोस क्षेत्र में व्यावसायिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, अभिभावकों, शिक्षकों व छात्रों (नियमित छात्र) के लिए अभिमुखी तथा जागरूक कार्यक्रम इसमें शामिल है। कुल 16965 सहभागी लाभान्वित हुए।

वर्ष 2015-16 के दौरान अल्पकालीन /अभिमुखी/ अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.	कार्यक्रम	सहभागियों की संख्या	
		2014-15	2015-16
1	अल्पकालीन कार्यक्रम	8145	5436
2	अभिमुखी व जागरूक कार्यक्रम	5634	10517
3	अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रम	1428	1012
कुल		15207	16965

ऊपर लिखित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण अनुलग्नक 1 : (पृष्ठ सं.) पर दिया गया है।



अल्पकालीन, अभिमुखी एवं जागरूक तथा अभिविन्यास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल लाभान्वित

केरल में दिव्यांगजन सशक्तिकरण में उत्तम प्रथाओं के नमूनों पर राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान संबोधन करते हुए डॉ.हिमांशु दास, निदेशक

एन.आई.ई.पी.एम.डी. में 23 अप्रैल 2015 को आयोजित अभिभावक पुनरीक्षण बैठक में सहभागी

आयोजित कार्यक्रम के प्रकार	:	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, राष्ट्रीय सम्मेलन, राज्य संगोष्ठियाँ, जिला, क्षेत्रीय स्तर के प्रशिक्षण कार्यक्रम जिसके लिए सी.आर.ई. क्रेडिट प्वाइंट हैं।
आवरित विषय	:	प्रारंभिक हस्तक्षेप, जीवनकौशल विकास, आडियो वर्बल थिरेपी, एमडी बच्चों के लिए अनुकूली खेल-कूद
आवरित राज्य	:	केरल, बिहार, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, गोवा, भुवनेश्वर, तमिलनाडु
कवर किया गया		
लक्ष्य समूह	:	विशेष शिक्षक, भौतिक चिकित्सक, व्यावसायिक चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक, पुनर्वास व्यावसायिक
साझेदार एवं सहयोग	:	

1. एएसईएपी, नई दिल्ली
2. एएआरपी, नई दिल्ली
3. एन.आई.टी. त्रिपुरा
4. स्पेशल ओलम्पिक्स, भारत
5. आर.सी.डी.पी., हरियाणा
6. बालाजी मेडिकल कालेज, चेन्नई
7. एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई
8. आरजीएनआईवाईडी, कंचीपुरम
9. हिन्दुस्तान विश्वविद्यालय, चेन्नई
10. टीएचपीआई, हैदराबाद
11. एसएसए, तमिलनाडु
12. एसएसए गुण्टूर
13. एमजी विश्वविद्यालय, केरल
14. एसएआईएमसी, एसएआईएसएच, इन्दौर
15. के.आई.एम.एस., हैदराबाद

प्रभाव	:	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सिफारिश के आधार पर, बहुविकलांगता /सेरेब्रल पल्सी/आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर/ डेफब्लाईंड के लिए नया पाठ्यचर्या फ्रेमवर्क विकसित किया गया।

3.3 संकाय सदस्यों / अधिकारियों का कार्यशालाओं / सम्मेलनों व संगोष्ठियों में सहभागिता

पुनर्वास क्षेत्र में मानव संसाधन विकसित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के अलावा, संस्थान के संकाय सदस्यों को देश के विभिन्न भागों में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों / कार्यशालाओं व प्रशिक्षण कार्यक्रमों में अपने अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु समर्थन देता एवं प्रोत्साहित करता है। कार्यशालाओं / सम्मेलनों व संगोष्ठियों में संकाय सदस्यों की सहभागिता की सूची एवं पेपर प्रस्तुतीकरण का विवरण अनुलग्नक 2 (पृष्ठ सं.xiii) पर संलग्न है।

आटीज्म में होमियोपैथी की भूमिका पर डॉ.विजयानन्द, व्याख्याता, आई राम इन्स्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साईंसेस, द्वारा स्टाफ के लिए व्याख्यान

अध्याय 4

राष्ट्रीय पुनर्वास परीक्षा बोर्ड (एन.बी.ई.आर.)

पुनर्वास में राष्ट्रीय परीक्षण बोर्ड (एन.बी.ई.आर.) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय पुनर्वास परिषद् का एक अनुषद्ध संस्थान है।

पंजीकृत सोसाईटी के रूप में कार्यरत् इस एन.बी.ई.आर. के मुख्य उद्देश्य विशेष शिक्षा तथा विकलांगता पुनर्वास के क्षेत्र में परीक्षाओं का आयोजन करना एवं अन्य क्रियाकलाप है । इस संदर्भ में संदर्भ पत्र सं. - 19(1)/NBER/2015/RCI/2344 दिनांक 06/1/2016 के द्वारा आर.सी.आई. एन.बी.ई.आर. ने को शैक्षणिक वर्ष 2015-16 में आर.सी.आई. द्वारा मान्यता प्राप्त निम्नलिखित 7 पाठ्यक्रमों के लिए परीक्षाओं का आयोजन करने की जिम्मेदारी दी।

क्र.	पाठ्यक्रम	कार्यक्रम कोड	संस्थानों की संख्या	छात्रों की संख्या
1.	डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन मैंटल रिटार्डेशन	0549	175	4015
2.	डिप्लोमा इन वोकेशनल रीहैबिलिटेशन (मेंटल रिटार्डेशन)	0551	10	170
3.	डिप्लोमा इन कम्युनिटी बेस्ड रीहैबिलिटेशन	1301	02	29
4.	डिप्लोमा इन अर्ली चाईल्डहुड स्पेशल एजुकेशन (मेंटल रिटार्डेशन)	0519	10	128
5.	डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन सेरेब्रल पालसी - I वर्ष	0520	19	395
6.	डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन सेरेब्रल पालसी - II वर्ष	0520	19	330
7.	डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर - I वर्ष	0527	18	376
8.	डिप्लोमा इन एजुकेशन स्पेशल एजुकेशन आटीज्म स्पेक्ट्रम डिसॉर्डर - II वर्ष	0527	18	381
9.	केयर गिविंग में सर्टीफिकेट कोर्स	1301CG	04	53
कुल			275	5877

पाठ्यक्रम समन्वयकर्ता का बैठक

परीक्षाओं का आयोजन 2013 के परीक्षा योजना के तहत करने हेतु शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्रों में एकरूपता रखने के लिए 8.6.2015 को पाठ्यक्रमों के सह समन्वयकर्ता की बैठक का आयोजन किया गया।

इसके मुख्य उद्देश्य हैं -

- संबद्धिता, पंजीकरण, परीक्षा, मूल्यांकन, प्रमाणीकरण तथा दीक्षांत समारोह सहित एन.सी.ई.आर. के प्रोटोकोल एवं प्रक्रिया पर चर्चा।
- परीक्षा केन्द्र, इनविजिलेटर, परीक्षा सुपरिन्टेन्डेन्ट, सी.एल.ओ. तथा फ्लाईंग व इनस्पैक्टिंग स्क्वैड के चयन हेतु प्रोटोकाल प्रक्रिया के बारे में चर्चा

ऑनलाईन सुविधाएँ

एन.आई.ई.पी.एम.टी. ने शैक्षणिक वर्ष 2015-18 के दौरान निम्नलिखित के लिए ऑनलाईन सुविधाएँ प्रदान की।

- ई-एनरोलमैंट
- ई-हॉल टिकट जारी करना
- ई-प्रश्नपत्र डाउनलोड
- ई-परिणाम घोषित करना
- मार्क शीट एवं मार्क विवरण का ई-प्रिंटिंग

कर्मचारियों का विवरण निम्नानुसार है -

1. सुश्री एस.शरण्या
2. सुश्री एस.गायत्री
3. श्री आर.गुणशेखर
4. श्री ए.अमरदीप
5. श्रीमति सी.किरुथिका
6. श्री टी.शोकनम
7. श्री डी.गोपीकृष्णन
8. श्रीमति दाईवार्थिका
9. श्री आर.विक्रमपाण्डियन
10. सुश्री एस.उमा
11. श्री एम.शक्ति कुमार
12. श्री आलोक कुमार सिंह
13. श्री शेकर सुब्बया को परीक्षाओं के सॉफ्टवेयर तथा ऑनलाईन प्रक्रिया के लिए नियमित किया गया।

एन.सी.ई.आर.टी. के समिति के सदस्य निम्नानुसार हैं -

1. श्री पी.कामराज
2. डॉ. डी. बालसुब्रमन
3. श्री. राजेश एम.पंद्रन
4. श्रीमति जी.अनुसूया

अध्याय -5
सेवाएँ

बहुविकलांग तथा एकल विकलांग व्यक्तियों के साथ साथ क्षति से आने वाले व्यक्तियों को पुनर्वास सेवाएँ प्रदान करना एन.आई.ई.पी.एम.डी. के प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। सेवा एवं प्रोग्राम अनुभाग के द्वारा इन पुनर्वास सेवाओं को समाज कार्य विभाग द्वारा समन्वित किया जाता है। सेवा एवं कार्यक्रम अनुभाग के दो सहायक अनुभाग हैं - पंजीकरण और व्यक्तिवृत्तांत लेने की इकाई। पंजीकरण इकाई लाभार्थियों का पंजीकरण करती है और लाभार्थियों तथा आगन्तुकों को संस्थान के बारे में आवश्यक सूचनाएँ देती है। पंजीकरण इकाई बाहर से आने वाले फोन-कॉल लेती है और आम जनता को फोन द्वारा समय परिमुक्ति देती है अन्य सूचनाएँ भी प्रदान करती है।

स्वागत कक्ष में सेवा पंजीकरण

व्यक्तिवृत्त लेना

व्यक्तिवृत्त लेने वाली इकाई का प्रबंध पेशेवर समाज सेवी द्वारा किया जाता है जहाँ समाज सेवी रोगियों को तथा उनके परिवार की विस्तृत सूचना लेता है, जिसमें प्रसवपूर्ण देखरेख, प्रसवोत्तर देखरेख, परिवार का इतिहास, विकासशील इतिहास, लिया गया प्रतिरक्षण, पाठशाला इतिहास और परिवार का गति विज्ञान शामिल रहते हैं। यह इकाई एन.आई.ई.पी.एम.डी. का शुल्क रचना के अनुसार पंजीकरण शुल्क और अन्य सेवा शुल्क लेती है। एक बार व्यक्तिवृत्त लेने की प्रक्रिया पूरी हो जाए तो लाभार्थी को विशिष्ट निर्धारण और हस्तक्षेप के लिए अन्य विभागों में भेजा जाता है। सामान्य सेवाओं के अलावा, एन.आई.ई.पी.एम.डी. हर महीने तंत्रिका संबंधी, मनोविज्ञान संबंधी तथा दंत देखरेख की विशेष चिकित्सा शालाएँ भी चलाता है। यह संस्था दिव्यांग व्यक्तियों को तंत्रिका संबंधी तथा मनोविकृति संबंधी औषधी भी देता है।

वर्ष 2015-16 में एन.आई.ई.पी.एम.डी. और उसके विस्तार केन्द्र में, 5440 क्लाईंटों का पंजीकरण हुआ। लगभग 1768 बहु विकलांग व्यक्तियों एवं 3672 विभिन्न प्रकार के एकल विकलांग व्यक्तियों का पंजीयनण किया गया और 82031 क्लाईंट एन.आई.ई.पी.एम.डी. और उसके विस्तार केन्द्र से पुनर्वास सेवाएँ (फालो अप) प्राप्त कीं। इन लाभार्थियों में 50217 बहुविकलांग थे जबकि 31814 एकल विकलांग व्यक्ति थे। चूंकि एन.आई.ई.पी.एम.डी. बहुविकलांग व्यक्तियों के पंजीकरण में शून्य प्रतिशत अस्वीकृति पद्धति अपनायी है, अतः सभी प्रकार के विकलांग व्यक्तियों को पंजीकृत कर लिया जाता है।

वर्ष 2015-16 के दौरान एन.आई.ई.पी.एम.डी. तथा विस्तार केन्द्रों में पंजीकृत नए क्लाईंट

क्र.	स्थान	क्लाईंटों की संख्या					
		2014 –15			2015-16		
		बुद्धि	एमडी	कुल	बुद्धि	एमडी	कुल
1	केन्द्र	1977	534	2511	1641	538	2179
2	विस्तार केन्द्र	1617	930	2547	2031	1230	3261
कुल		3594	1464	5058	3672	1768	5440



पंजीकृत नए केसेस्

वर्ष 2015-16 के दौरान एन.आई.ई.पी.एम.डी. तथा विस्तार केन्द्रों में फालो-अप सत्र

क्र.	पद्धति	क्लाईंटों की संख्या					
		2014-15			2015-16		
		युडी	एमडी	कुल	युडी	एमडी	कुल
1	केन्द्र	13404	34794	48198	20427	42446	62873
2	विस्तार केन्द्र	5332	3026	8358	11387	7771	19158
कुल		18736	37820	56556	31814	50217	82031



फॉलोअप सत्र

एन.आई.ई.पी.एम.डी. में पंजीकृत बहुविध विकलांगताओं का संयोजन

01	सीपी+एम.आर.+वीआई+एचआई	27	एम.आर.+ वीआई
02	सीपी + एम.आर.+एलवी+एएसडी	28	एम.आर + एचआई
03	सीपी + एम.आर + एलवी + एचआई	29	एलडी +एचआई
04	सीपी + एचआई +वीआई+डीडी	30	एमआई+ एचआई
05	सीपी + एम.आर + एलवी	31	एमआई+सीपी
06	सीपी + एम.आर + वीआई	32	सीपी +ओएच
07	सीपी + एम.आर +एमआई	33	सीपी + वीआई
08	सीपी + एम.आर + एचआई	34	सीपी + एलवी
09	सीपी + एचआई + एलवी	35	सीपी + एएसडी
10	सीपी + एलवी +डीडी	36	सीपी + एचआई
11	सीपी + वीआई + एचआई	37	सीपी +डीडी
12	एम.आर +एएसडी+सीपी	38	सीपी+बोर्डर लाईन बुद्धि
13	एम.आर + एलवी + एचआई	39	एलवी +एमआई
14	एम.आर + एलवी +एएसडी	40	एलवी + एचआई
15	एम.आर + वीआई + एचआई	41	एलवी + एलडी
16	एम.आर + एचआई +एमआई	42	डीडी+ एएसडी
17	एम.आर + एचआई + एलवी	43	डीडी + वीआई
18	एम.आर +एलडी+डीडी	44	डीडी + एलवी
19	एम.आर +एमआई+ एचआई	45	डीडी + एचआई
20	एम.आर +एलडी+ एलवी	46	वीआई + एचआई
21	एम.आर +स्पीच इम्पेयरमेंट	47	एलडी + एमआई
22	एम.आर +एएसडी	48	एलडी + एचआई
23	एम.आर +एमआई	49	एलडी+ वीआई
24	एम.आर + सीपी	50	डीबी
25	एम.आर +एलडी		
26	एम.आर + एलवी		

नोट: सीपी -सेरेब्रल पालसी, एमआर- मेंटल रिटार्डेशन, वीआई-विजुवल इम्पेयरमेंट, एचआई - हियरिंग इम्पेयरमेंट, एलवी- लो विज़न, एएसडी- ऑटीज्म स्पेक्ट्रम डिसार्डर, एचआई- हियरिंग इम्पेयरमेंट, एलडी- लोकोमोटर डिसेबिलिटी, एलडी - लोकोमोटर डिसेबिलिटी, डीबी-डेफ ब्लाईन्ड, एमआई-मेंटल इलनेस, पीडीडी- पर्वेसिव डेवलपमेंट डिसार्डर, एडीएचडी - एटेन्शन डेफिसिट हाईपरएक्टीविटी डिसार्डर, डीडी- डेवलपमेंटल, डिले बधिरांधता

5.1 शारीरिक चिकित्सा पुनर्वास विभाग

शारीरिक चिकित्सा व पुनर्वास विभाग बहुविकलांग व्यक्तियों में देखी जाने वाली विभिन्न अवस्थाओं का निदान करने का लक्ष्य रखता है। गर्भावस्था के दौरान तनाव, गर्भावस्था में मधुमेह, गर्भावस्था के पहले तथा बाद में सही तरीके से फोलिक ऐसिड न लेना, गर्भावस्था के अंतिम ट्राईमेस्टर में माँ को वाईरल इन्फेक्शन, विकलांगता के कारण बन रहा है। स्पेशालिटी क्लिनिक जैसे, साईकियाट्री, न्यूरोलोजी, आप्तोमॉलजी तथा डेंटल क्लिनिकों चिकित्सा प्रति माह लगातार दी जा रही है। परिवार के सहोदरों में मस्तिष्क का वाईट मैटर डीजेनरेशन जैसे दुर्लभ मामले पंजीकृत हुए। स्टोरेज अव्यवस्था तथा माँ को साईटोमेगालो वाइरस इन्फेक्शन जिससे विकलांगता हो रही है, पर विशेष ध्यान दिया गया। हड्डी में ट्यूमर निकाला गया और रेडिवेशन के पश्चात् पुनःफिट किया गया, अब यह क्लाईंट एन.आई.ई.पी.एम.डी. में मोबाईल सेवाओं के लिए आ रहा है। क्रेनिटोमी सर्जरी के पश्चात एक माईक्रोसिफली से ग्रस्त बच्चे को एन.आई.ई.पी.एम.डी. को प्रारंभिक हस्तक्षेप सेवाओं के लिए लाया गया। हड्डी के क्रेनियम वाले भाग को निकाला गया, टिश्यू की वृद्धि को बनाये रखा जाएगा। अब बच्चा कौशल प्राप्त कर रहा है। माईक्रोसिफाली वाले बच्चों को एन.आई.ई.पी.एम.डी. में सेवाएँ तो प्रदान की जाती हैं, परन्तु पहली बार, ऐसे सर्जरी के पश्चात् ठीक किया गया लगभग साधारण सिर की परिधि से एक बच्चा सेवाएँ प्राप्त कर रहा है।

इस विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित इकाइयाँ हैं - प्रारंभिक हस्तक्षेप, भौतिक चिकित्सा, आक्युपेशनल चिकित्सा, प्रोस्थेटिक व आर्थोटिक इकाई। आवश्यकता वाले क्लाईंटों को ऐन्टी एपिलेप्टिक तथा ऐन्टी साईकोटिक दवाईयाँ दी जा रही हैं। दवाईयों के 10% मूल्य वसूल किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि, क्लाईंट नियमित रूप से दवाईयाँ ले रहा है।

क्लाईंट को मूल्यांकन कर रही व्यावसायिक (आयुर्विज्ञान)

वर्ष 2015-16 के दौरान लाभान्वित क्लाईंटों का विवरण निम्नानुसार है।

नए क्लाईंट तथा फालोअप क्लाईंट (पीएमआर)

नए केसेस्			फॉलोअप सत्र		
एक विकलांगता	बहुविकलांगता	कुल	एक विकलांगता	बहुविकलांगता	कुल
495	777	1272	187	1361	1548

वर्ष 2015-16 के दौरान विशेष क्लिनिकल सेवाओं से लाभान्वित क्लाईंट

विशेष सेवा	नए क्लाईंट		कुल	फॉलोअप सत्र		कुल
	पु	म		पु	म	
साईकियाट्री	32	38	70	278	85	363
न्यूरोलिजी	53	43	96	273	130	403
डैंटल	78	52	130	137	79	216
आप्तामालजी	36	27	53	03	06	09
फार्मेसी (दवाई दी गई)	77	73	150	1986	836	2822
सामान्य स्वास्थ्य जाँच	-	-	-	514	226	740
कुल	276	233	499	3191	1362	4553

5.1.1. पारंपरिक हस्तक्षेप इकाई

मूल्यांकन सत्र के दौरान पारंपरिक हस्तक्षेप इकाई में मोटार समस्याओं से ग्रसत बच्चा

प्रारंभिक हस्तक्षेप इकाई तीन वर्ष से कम आयु वाले बहुविकलांग क्लाईंटों को सेवाएँ प्रदान करती है। माईक्रोसेफेलिक्सली, एक्रीएनसी, आटीस्टिक लक्षण, जन्म समय अक्सिफिक्सियो के कारण आटिस्टिक लक्षण, जीन विलोपन के कारण सिन्ड्रोम, वाले क्लाईंट इस इकाई से सेवाएँ प्राप्त कर रहे हैं। बच्चों को 6 क्षेत्र - संवेदी, गामक, ज्ञानात्मक, भाषा, भावनाएँ तथा सामाजिक विकास इन, छः क्षेत्रों के निर्धारण के पश्चात्, न्यूरो डेवलपमेंट थिरेपी सहित बहु संवेदी तक पहुँचने का प्रयास किया जाता है। व्यक्तिगत परिवार सहायता कार्यक्रम तैयार किया जाता है एवं माताएँ भी अपने बच्चों के सौशल विकास में सम्मिलित होती हैं। जुलाई 2016 के दौरान, घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। व्यावसायिक सभी शनिवार व रविवार के दिन इन बच्चों के पास जाते हैं एवं उनके दादा-दादी, नाना-नानी, सहोदरों एवं पड़ोसियों को बताते हैं कि, इन बच्चों के साथ कैसे व्यवहार करें। घरेलू क्रियाकलापों के लिए घर में उपलब्ध सामग्री का प्रयोग करवाया जाता है। घर के आसपास का प्राकृतिक वातावरण कीट को संवेदी निवेश दिया जाता है। संवेदी विकास क्षेत्र के उपयोग के लिए कुछ घरों में पशु, पक्षी होते हैं उनकी आवाजें और उनके अस्तित्व को महसूस करते हैं। बच्चों के स्पर्श विकास के लिए अभिभावकों को इन वस्तुओं का प्रयोग करना सिखाया जाता है। एन.आई.ई.पी.एम.डी. टीचिंग लर्निंग मेटीरियल प्रदान करता है एवं अभिभावकों द्वारा बच्चों के सौशल विकास के लिए इसका प्रयोग करना सिखाया जाता है। वर्ष 2015-16 के क्लाईंटों का विवरण निम्नलेखत है।

नए क्लाईंट व फालो अप क्लाईंट (प्रारंभिक हस्तक्षेप)

नए केसेस्			फालो अप सेशन्स्		
एकल विकलांगता	बहु विकलांगता	कुल	एकल विकलांगता	बहु विकलांगता	कुल
54	128	182	2204	5616	7820

5.1.2. फिजियोथिरेपी इकाई

फिजियोथिरेपी इकाई व्यक्ति व जनसंख्या की कार्यात्मक क्षमता व अधिकतम गति की जीवनपर्यंत निर्धारण करना एवं पुनः स्थापित करना जैसी सेवाएँ प्रदान करता है। इसमें सम्मिलित है, विकलांगता की ओर ले जाने वाले व वातावरणीय कारकों द्वारा जहाँ आघु, घाव, दर्द, रोग, डिसॉर्डर्स की आशंका की परिस्थिति हो, उसे गति व कार्य द्वारा सेवाएँ प्रदान करता है।

फिजियोथिरेपिस्ट की भूमिका

फिजियोथिरेपिस्ट प्रथम संपर्क प्रैक्टीशनर के रूप में कार्य करता है एवं मरीज / क्लाईंट बिना किसी स्वास्थ्य देखभाल व्यावसायिक के संदर्भ में उनसे सीधे सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं।

फिजियोथिरेपिस्ट उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त व्यावसायिक होते हैं, जो लोगों को अच्छा करने व स्वस्थ्य रखने में मरीज के साथ साझेदारी में काम करते हैं।

फिजियोथिरेपिस्ट इलाज का प्रबंध करने व योजना बनाने के लिए सामान्य प्रॉक्टीशनर्स के साथ भी अच्छा संबंध बनाये रखते हैं।

फिजियोथिरेपिस्ट आधुनिक तकनीकों व प्रयोग आधारित देखभाल से निर्धारण, निदान, चलन डिसॉर्डर की स्थिति की रोकथाम व इलाज करते हैं। फिजियोथिरेपिस्ट दोष का निवारण, कड़ेपन व दर्द को कम करने, स्पॉस्टिसिटी के प्रबंधन गति को बढ़ावा देने एवं जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करते हैं।

फिजियोथिरेपी स्वस्थ्य रखने से दर्द निवारण, अच्छी देखभाल, पुनर्वास, कार्यात्मक गति को बनाये रखने, पुराने रोग के प्रबंध, मरीज व देखभाल, शिक्षण एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य तक सेवाएँ प्रदान करता है।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. बहुविकलांग बच्चों के लिए फिजियोथिरेपिस्ट का प्रमुख कार्य है, न्यूरोडेवलपमेंटल थिरेपी (एनडीपी), वर्चुवल रियालिटी बेस्ड थिरेपी (वीआरबीटी), पलमोनरी रीहैबिलिटेशन, इलेक्ट्रोथिरेपी, व गेट ट्रैनिंग। विभाग में इलेक्ट्रोथिरेपी इकाई भी सम्मिलित है जिसको अधिकतर दर्द प्रबंधन एवं मजल-रीएजुकेशन किया जाता है।

एनडीटी, न्यूरोलॉजिकल पैथेफिजियॉलजी व्यक्तियों के योगीकरण व पुनर्वास के लिए गति विश्लेषण आधारित वैयक्तिक थिरैप्युटिक हैंडिलिंग पर जोर देने वाला वर्तमान तथा विकसित अनुसंधान द्वारा सूचित समग्र तथा अंतरविषयी नैदानिक नमूना है।

मस्तिष्क में क्षति होने के कारण दिव्यांग बच्चों के इलाज का उद्देश्य है उन्हें उनके संभाव्य स्वतंत्र जीवन जीने के लिए तैयार करना व मार्गदर्शन देना एवं सामान्य किशोरावस्था व प्रौढ़ जीवन के लिए उन्हें तैयार करना। छोटे उम्र में या कोई चोट लगने पर या विकलांग होने पर चलना सीखना / पुन: सीखना चाल प्रशिक्षण (गेइट प्रशिक्षण) या गेइट पुनर्वास है।

गेइट प्रशिक्षण मांसपेशियों को मजबूत करने, संतुलन एवं भंगिमा सुधारने, मांसपेशियों स्मरणशक्ति के विकास, सहनशक्ति बढ़ाने में, बारंबार गति के लिए पैरों के रिट्रैन में मदद करता है।

हस्तक्षेप के द्वारा उसे निम्न कौशल प्राप्त हुए - अपर लिंब - प्राक्सीमल स्टेबिलिटी, ट्रंक कंट्रोल स्किल्स, फाइन मोटार स्कील्स, में काफी सुधार आ रहा था। इन कौशलों से उसके हाथ के क्रियाकलाप जैसे, पहुँचना, पकड़ना, लेजाना, छोड़ना जैसे कौशलों में सुधार आया। इससे उसके प्री राईटिंग पर प्रभाव पड़ा, जैसे, स्क्रिब्लिंग, वर्टीकल लाईन, हॉरिजॉन्टल लाईनिंग, आदि। वह सहारा लेकर घुटनों पर बैठ पा रहा है और गेंद फेंकना, पेगबोर्ड खेल, कॉग्निटिव पर्सेप्चुवल कौशल आदि खेल पा रहा है। खेल आधार सीखने के जरिये उसके ऐन्टिसिपेटरी कंट्रोल तथा मोटार प्रैक्सिस् क्षमताओं में काफी सुधार हुआ। उसके इन्डोर मोबिलिटी कौशल जैसे जमीन से बिस्तर पर जाना, बिस्तर से जमीन पर जाना, बाथरूम तक पहुँचना, आदि में भी हस्तक्षेप कार्यनीति द्वारा सुधार आया। मौलिक स्वयं देखभाल एडीएल कौशल जैसे ब्रश करना, खाना, साज सँवारना जैसे कंघी करना, स्वच्छ रहना, आदि में हाथ का प्रयोग कर रहा है, सहायता और सहयोग दे रहा है।

माता-पिता को सही गृह कार्यक्रम दिया गया ताकि उसमें आयु अनुरूप विकास हो सके।

सफल कहानी 5

मास्टर सूर्यांशु मोगराना, 8 वर्ष का समयपूर्व कंजीनटल न्यूमोनिया से पीड़ा हुआ लड़के को जन्म के बाद 3 महीने के लिए आईसीयु में रखा गया और सेरेब्रल पालसी (एथैटॉइड) का रोगनिदान किया गया।

जब उसे जनवरी 2016 में एन.आई.ई.पी.एम.डी. ले आये थे, बच्चे का धड़ नियंत्रण नहीं था, बैठने में संतुलन न था, न चल पाता था और न ही खड़े हो पाता था। वह सामने हाथों के बल पर बैठकर उछल उछल कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर आता था।

न्यूरो डेवलपमेंटल थिरेपी इकाई में उसका फिजियोथिरेपी उपचार प्राप्त किया गया। इस थैरेपी सत्र में मुख्यतः प्री वैम्बुलेटरी तकनीक जैसे धड़ नियंत्रण को सुविधाकृत बनाना, बैठने में संतुलन रखने के लिए प्रशिक्षण, अपने आप बैठना तथा रेंगने पर ध्यान केन्द्रित किया गया। गेइट ट्रेनिंग इकाई में उसे पैरेलल बार वाकिंग, ट्रेडमिल प्रशिक्षण तथा सीढ़ी चढ़ने में प्रशिक्षण दिया गया। अब वह कम सहारा से चल रहा है तथा तरपीय मदद से सीढ़ियाँ चढ़ पा रहा है।

अध्याय 8

सहायक उपकरणों की खरीद / फिटिंग हेतु दिव्यांगजनों की सहायता योजना (एडिप) सेवाएँ

एन.आई.ई.पी.एम.डी. दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करने के लिए क्रियान्वयन एजेंसियों में से एक है। दिव्यांगजन को सहायक उपकरणों की खरीदी / फिटिंग हेतु सहायता योजना का मुख्य उद्देश्य, दिव्यांगजनों के शारीरिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक पुनर्वास को प्रोन्नत करना, उनकी विकलांगता के प्रभाव को कम करके उनकी आर्थिक क्षमता को बढ़ाना है। दिव्यांगजनों की स्वतंत्र क्रियाशीलता को सुधारने तथा विकलांगता के विस्तार को रोकने, एवं कोई अन्य विकलांगता होने से बचने के लिए सहायक उपकरण दिये जाते हैं।

माननीय केन्द्र मंत्र श्री थावरचंद गेहलोत श्रीहिकोड, नेतल में दिव्यांगजनों को व्हील चेयर का वितरण करते हुए

वर्ष 2015-16 को दौरान एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने मुख्यालय के अलावा विभिन्न प्रांतों में यंत्र व उपकरण वितरण हेतु शिविरों का आयोजन किया जिसमें दिव्यांगजनों को 2852 यंत्र व 1991 उपकरण प्रदान किये। एडिप योजना के अंतर्गत लाभान्वितों का विवरण निम्नानुसार है-

वर्ष 2015-16 के दौरान एडिप योजना के अंतर्गत सामग्रियों का विवरण

क्र.	राज्य	जिला	शिविर की तिथि	सामग्रियों का विवरण				कुल
				ओएच	बीएच	एमएच	एचएच	
1.	तमिलनाडु	पेरम्बलूर	19.02.2016	-	-	31	15	46
		तिरुवन्नामलई	01.07.2016	-	-	15	28	43
		वेल्लूर	05.07.2016	16	-	32	25	73
		कृष्णगिरि	06.07.2016	10	-	109	30	149
		वेल्लूर	21.08.2016	58	-	122	47	227
2.	केरल	कोड़िलांड	29.11.2015	100	42	-	-	142
3.	अरुणाचलप्रदेश	नेहरूलू	03.01.2016	-	-	26	15	41
4.	महाराष्ट्र	नागपुर	27.01.2016	-	-	41	-	41
			पूर्वोत्तर					
5.	मिजोरम	सेरछिप	09.08.2016	-	-	-	37	37
		आइजॉल	09.08.2016	-	-	82	-	82
		थेमाजी	11.08.2016	-	-	20	-	20
		थुर्ल	11.08.2016	-	-	104	-	104
		लुंगलेई	11.08.2016	-	-	61	-	61
		सिलचर	11.08.2016	-	-	168	-	168
6.	असम	बरपेटा	11.08.2016	-	-	15	-	15
		बोंगाईगाँव	11.08.2016	-	-	18	-	18
		तिनसुकिया	11.08.2016	-	-	12	-	12
		दरांग	11.08.2016	-	-	05	-	05
		गोलपारा	11.08.2016			65	-	65
7.	मुख्यालय	एन.आई.ई.पी.एम.डी.	-	321	09	-	312	642
		कुल		505	51	926	509	1991

वर्ष 2015-16 में एडिप योजना के अंतर्गत दिये गये साधन व उपकरणों का विवरण

क्र.	विवरण	उपकरणों की संख्या	क्र.	विवरण	उपकरणों की संख्या
1.	ट्राईसाईकिल	25	24	कॉस्मेटिक स्लीव्ज	2
2	व्हील चेयर (एडल्ट)	18	25	रैमस कुट	1
3	व्हील चेयर (चाइल्ड)	17	26	मॉडिफाईड डिवाईस	1
4	ऑक्सिलरी क्रच (बड़ा)	12	27	प्रोथेसिस	26

5	ऑक्सिलरी क्रच (मीडियम)	13	28	मॉडिफाईड शूस्	38
6	एलबो क्रच (बड़ा)	5	29	टीपलएम 0-3	140
7	वॉकर	122	30	टीपलएम 4-6	221
8	क्वाड्रीपॉड	100	31	टीपलएम 7-10	341
9	सीपी चेयर	90	32	टीपलएम 10 एवं ऊपर	224
10	कार्नर चेयर	46	33	ब्रेली स्लेट	20
11	एफो	77	34	सीडी प्लेयर	03
12	केफो	85	35	क्रिकेट बॉल	21
13	एचकेफो	23	36	केल	44
14	गेइटर्स्	116	37	हैंड मैग्नीफायर	72
15	स्प्लीन्ट्स्	30	38	पजील	02
16	हिप अब्डक्शन ऑर्थोसिस्	2	39	डेसी प्लेयर	03
17	सेफ्टी हेलमेट	10	40	स्क्रैबल बोर्ड	02
18	टाल्से कोर्सेट	1	41	टाईलर्स फ्रेम	03
19	ऐश ब्रेसेस्	1	42	माईल्ड हियरिंग एड्ड	08
20	एल.एस. बेल्ट	3	43	मॉडरेट हियरिंग एड्ड	50
21	व्हील चेयर सस्पेन्शन बेल्ट	1	44	स्ट्रॉन्ग हियरिंग एड्ड	405
22	नी केजेस्	2	45	एक्स्ट्रा स्ट्रॉन्ग हियरिंग एड्ड	420
23	सर्वैकल कॉलर	6			
		कुल			2852

नेल्लूर, ए.पी. शिविर के दौरान टी.एल.एम. किटों का वितरण

अध्याय 7
अनुसंधान एवं विकास

अनुसंधान एवं विकास संस्थान का एक मुख्य लक्ष्य एवं उद्देश्य है। इसकी मुख्य क्रिया बहुमूल्यवान नए उत्पादन को अनावरित करने तथा विकसित करने के उद्देश्य से वैज्ञानिक तथा तकनीकी विषयों पर खोज करना एवं नयी जानकारी सृजन करना और बहुदिव्यांगजनों के लिए सेवाएँ प्रदान करना है। विभिन्न विभागों के शिक्षकगण सक्रिय रूप से अनुसंधान परियोजनाओं में लगे हुए हैं, जो बहुविकलांग व्यक्तियों को स्तरीय ध्यान प्रदान करने के उद्देश्य से किये जा रहे हैं। संस्थान ऐसी परियोजनाओं को आंतरिक निधि का प्रावधान करके और अन्य आंतरिक संरचना का प्रावधान करके उन्हें प्रोत्साहन दे रहा है। ऐसी अनुसंधान परियोजनाओं के लिए मार्गदर्शन देने हेतु शैक्षिक समिति बनायी गयी है। ऐसी चलायी गयी अनुसंधान परियोजनाओं का विवरण निम्नलिखित है -

1. भारत में बहुदिव्यांगजनों के लिए मौजूदा सेवा प्रावधान : एक डाटाबेस संकलन

बहुविकलांग व्यक्तियों में विभिन्न विकलांगों का सम्मिश्रण होता है जैसे- शारीरिक गति, मानसिक मंदन, दृश्य, श्रवण व अन्य सह संबंधी विकलांगता। इस प्रकार देश भर में मौजूद सेवाएँ एवं सेवा नमूनों का एक डाटा बैंक होना आवश्यक है।

परियोजना की अवधि 3 वर्ष है और अनुमानित खर्च रु.10 लाख है और यह परियोजना समाज कार्य विभाग द्वारा की जा रही है। आज तक इस परियोजना पर रु.7,74,000/- राशि खर्च की गई है।

लक्ष्य:

भारत में बहुदिव्यांगजनों को अपनी सेवाएँ देने वाले मौजूदा संगठनों और संस्थानों का संकलित डाटाबेस प्रदान करना।

उद्देश्य:

- बहुदिव्यांगजनों पर काम करने वाले संगठनों / संस्थानों का पता संकलित करना और दर्शीकृत करना।
- पूरे भारत में बहुदिव्यांगजनों को प्राप्त सेवाओं संबंधी सूचना संकलित करना
- बहुदिव्यांगजनों को उपलब्ध सेवा वितरण प्रकारों से संबंधित सूचना का पुनरीक्षण करना
- बाहर से आने वाले केसेस् को दीर्घकालीन पुनर्वास के लिए संगठनों / संस्थानों को भेजना
- बहुदिव्यांगजनों के लिए प्रभावी सेवाएँ प्रदान करने के लिए एन.जी.ओ. की आवश्यकताओं का मूल्यांकन करना।

प्रत्याशित परिणाम:

- बहुदिव्यांगजनों के लिए सेवाओं का प्रावधान करने वाले संगठनों / संस्थानों की सूचना का डाटाबैंक
- जिलेवार संगठनों / संस्थानों की निर्देशिका का प्रारूप तैयार करना
- आगे के अनुसंधान के लिए देश भर के आंकड़े संकलित करना
- एन.आई.ई.पी.एम.डी. में अनौपचारिक सेवा वितरण नमूना विकसित करना
- तमिलनाडु तथा अन्य प्रान्तों में काम करने वाले एन.जी.ओ. के साथ नेटवर्किंग
- प्रकाशन और प्रस्तुतीकरण

वर्तमान स्थिति:

- देश भर के विभिन्न 204 संगठनों से अपने अपने संस्थानों में बहुदिव्यांगजनों को दी जा रही सेवाओं का विवरण निर्देशिका में मुद्रण करने हेतु सहमति प्राप्त से परियोजना सम्पन्न हुई
- रिपोर्ट तैयार किया गया और मुद्रण बाकी है।
- शैक्षणिक परिषद् के अनुमोदन की प्रतीक्षा है, अनुमोदन प्राप्त होते ही , निर्देशिका प्रकाशित की जाएगी।

2. बहुदिव्यांग बच्चों में निद्रा पद्धतियों और उनका दैनिक क्रियाकलापों में प्रभाव पर अध्ययन:

अध्ययन पूरा हो गया है और प्रकाशन की प्रक्रिया जारी है। बच्चे जो देर से सोते हैं, उनकी निद्रा को नियमितीकरण के लिए दवाई दी गई है। अन्यों को स्वस्थ्य निद्रा के बारे में शिक्षित किया गया। जिन्हें अतिरिक्त कैलोरियों की आवश्यकता है, उन्हें सोने से पहले पर्याप्त कैलोरी दी गई। सेट के मुद्रण द्वारा दिव्यांगजनों की निद्रा पद्धतियों को नियमितीकरण में मदद मिलेगी।

जर्नल में अनुसंधान पेपरों का मुद्रण 2015-16

क्र.	संकाय सदस्य का नाम	पेपर का शीर्षक	जर्नल का नाम
1	श्री नचिकेता राउत श्री के.के.धनवेन्दन तथा श्रीमति एस.कला	एलाईड हेल्थ प्रोफेशनल्स् पर्सपेक्टिव्स् आफ दि रोल आफ सेंसरी इन्टीग्रेशन थिरेपी इन मैनेजिंग चैलेन्जिंग बिहैवियर्स्	इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ थिरेपी एण्ड रीहैबिलिटेशन 22(4) अप्रैल 2015
2	डॉ.नीरदा चन्द्रमोहन श्री राजेश रामचंद्रन श्री ए.सक्तिवेलन	एजुकेशन स्टैटस आफ पर्सन्स् विथ मल्टीपल डिसेबिलिटीज़ बिलोन्गिंग टु एससी एसटी	इन्टरनेशनल जर्नल आफ मल्टीडिसिप्लिनरी रीसर्च एण्ड इन्नवरमेशन वाल्युम 1(2) जून 2015
3	श्री बी.एस.संतोष कन्ना डॉ.के. बालमास्कर	ए स्टडी ऑन रोल आफ पाइलेट्स् ऑन पोस्चर एण्ड प्रोप्रयोसेप्शन इन क्लाईट विथ डिफ्लाईडनेस	इन्टर डिसिप्लिनरी जर्नल ऑफ रीसर्च एण्ड इन्नोवेशन इन एजुकेशन, रीहैबिलिटेशन एण्ड साईकोलोजिकल कुनसैलिंग 1(1) 52-60, 2015
4	श्री के.के.धनवेन्दन डॉ.नीरदा चन्द्रमोहन श्रीमति कला समयन	इफेक्टिवनेस ऑफ कान्सेप्ट टी टु टीच पिलडून विथ मल्टीपल डिसेबिलिटीज़	जर्नल ऑफ इन्टरनेशनल एकाडमिक रीसर्च फार मल्टीडिसिप्लिनरी 3(7) अगस्त 2015
5	श्री पी.कामराज एवं श्री राजेश रामचंद्रन	रोल ऑफ इन्स्टीट्यूशन इन डेवलपिंग केरीयर ऑफ स्पेशल एजुकेशन इन दि फील्ड आफ रीहैबिलिटेशन फार पर्सन्स् विथ डिसेबिलिटीज़	इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ साईकोलोजी एण्ड एजुकेशन वाल्युम 2(11) 2015
6	श्री अनीशा सिन्हा एवं श्री नचिकेता राउत	ऑडिटरी पर्सेप्शन ऑफ नानसेन्स एण्ड फेमिलीयर बंगाली राइमिंग वर्ड्स् इन सिल्डून विथ और विथाउट लर्निंग डिसेबिलिटी	इन्टरनेशनल जर्नल आफ पीडियाट्रीक ओटोराइनोलैरिन्गालजी 79 (नवम्बर 2015)

अध्याय - 8
महत्वपूर्ण घटनाएं

सेवायें एवं शैक्षिक क्रियाकलापों जैसे नियमित क्रियाकलापों के अलावा संस्थान में वरिष्ठ अधिकारियों व व्यावसायिकों ने भेंट की, (बहु विकलांग व्यक्तियों के कल्याणार्थ) विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं सम्मेलन, कार्यशालायें एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। विवरण निम्न लिखित है :-

8.1 आत्मविमोह जागरूकता दिवस

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 1 अप्रैल 2015 को तिरुवनमियूर, सईदापेट, वेलाचेरी, टी. नगर, ब्रोंड वे, एगमोर एवं वाशरमेन पेट में जागरूकता अभियान आयोजित कर आत्मविमोह जागरूकता दिवस मनाया। उक्त स्थानों पर जागरूकता बैनर्स लगाये एवं आम जनता के लिये हस्त पत्रिका (हैंड आउट्स) वितरित की । इस अवसर पर राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान भवन को नीले रंग के दीपों से सुसज्जित किया गया। राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में 2' अप्रैल, 2015 को आत्मविमोह वाले व्यक्तियों को प्रदान की जा रही पुनर्वासित क्रियाकलापों को वैधर टी वी चैनल ने प्रसारित किया । राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान के विस्तारण केंद्र मणिपूर ने भी 2 अप्रैल, 2015 को आत्मविमोह जागरूकता दिवस मनाया। इस अवसर पर बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता, फन फेयर एवं अभिभावकों के लिये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

8.2 स्वतंत्रता दिवस

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 15 अगस्त, 2015 को 69 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। श्री नचिकेता राउत, प्रभारी निदेशक ने तिरंगा फहराया एवं स्वतंत्रता दिवस के बारे में संबोधित किया। इस अवसर पर बी.एड. विशेष शिक्षा (एम डी), डिप्लोमा कोर्सेस एवं विकलांग व्यक्तियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

8.3 प्रमस्तिष्क अंगघात जागरूकता दिवस

प्रमस्तिष्क अंगघात जागरूकता दिवस 1 अक्तूबर, 2015 को आयोजित किया गया । इस अवसर पर डॉ. हिमांशु दास, निदेशक, राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने प्रमस्तिष्क अंगघात वाले व्यक्तियों को बैज वितरित किये एवं जागरूकता बैनर पर प्रमस्तिष्क अंगघात वाले व्यक्तियों के हाथ के चिह्न अंकित किये ।

8.4 विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में 10-16 अक्तूबर, 2015 तक विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों के लिये तनाव प्रबंधन विषय पर 15 अक्तूबर, 2015 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया एवं आम जनता के लिए 20 अक्तूबर, 2015 को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

8.8 आयुष पूजा समारोह

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान के मॉडल विशेष स्कूल ने 20 अक्तूबर, 2016 को आयुष पूजा का समारोह मनाया । पूजा में विशेष स्कूल के सभी बच्चों व उनके अभिभावकों, कर्मचारियों एवं प्रशिक्षुओं ने भाग लिया ।

8.6 दिव्यांगजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस

दिव्यांगजन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस 3 दिसंबर, 2015 को राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान के विस्तारण केंद्र, इम्फाल, मणिपुर में मनाया गया। समारोह के भाग के रूप में, दिव्यांगजनों ने विभिन्न मनोरंजनात्मक कार्यक्रम आयोजित किये। एम डी यू हॉल, इम्फाल में यह ऐसा कार्यक्रम था जिसमें 200 दिव्यांगजनों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था मोयहीना आर्टिस्टों द्वारा आर्केस्ट्रा बजाना। दिव्यांगजनों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जैसे - मिमिक्री (हंसी नाटक), नाटक व गीत गाकर अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों का सम्मान भी किया गया एवं सहभोजन की व्यवस्था भी की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था समेकित विषय : सभी दिव्यांगजनों का सशक्तिकरण एवं पहुंच।

8.7 क्रिसमस समारोह

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में 22 दिसंबर, 2015 को क्रिसमस मनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों व प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये।

8.8 राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह

स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर 12 जनवरी, 2016 को राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने राष्ट्रीय युवा दिवस समारोह मनाया । इस अवसर पर राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने विभिन्न क्रियाकलाप आयोजित किये ।

1) युवा अभिभावकों के लिए ज्ञानारंभ कार्यक्रम कक्ष का उद्घाटन किया ।
2) छात्र प्रशिक्षुओं के लिये जीवन कौशल विकास कक्ष का उद्घाटन किया ।
3) युवा अभिभावकों के जीविकोपार्जन कार्यक्रम (सिलाइ व बुनाई कोर्स) के बैच का प्रारंभ किया ।
4) सब्लिमेशन प्रिंटिंग यूनिट का उद्घाटन किया ।
5) अंतरण कक्ष का उद्घाटन किया ।
6) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति छात्रों के लिये लैपटॉप वितरण किया ।
7) राजीव गांधी युवा विकास राष्ट्रीय संस्थान में विस्तारण केंद्र का उद्घाटन किया ।
8) बहु विकलांगजन वाले परिवारों के लिये बाढ़ राहत प्रतिपूर्ति एवं
9) स्वामी विवेकानंद के विशेष संदर्भ में युवा विकास पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।

8.9 पौलत्र समारोह

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 14 जनवरी, 2016 को पौलत्र समारोह मनाया। इस अवसर पर कर्मचारियों व छात्रों के लिये पौलत्र से संबंधित विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया।

8.10 गणतंत्र दिवस

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 26 जनवरी, 2016 को 67 वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेलों का आयोजन किया गया। डॉ. हिमांशु दास, निदेशक, राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने तिरंगा फहराया एवं गणतंत्र दिवस पर भाषण दिया। राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने स्टाफ के लिये सर्जिकल स्ट्रेचर, फिलिंग ऑफ बॉटर इन बॉटल, लेमन विद स्पून बॉकिंग रेस खेलों का आयोजन किया। पी डब्ल्यू डी एवं एवं कर्मचारियों के बच्चों के लिये फैंसी ड्रेस प्रतियोगिताये आयोजित की। छात्रों, प्रशिक्षुओं, स्टाफ के बच्चों एवं दिव्यांगजनों ने विभिन्न सांस्कृतिक क्रियाकलापों का आयोजन किया।

5.11 समझौता ज्ञापन (एम ओ यू)

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान एवं मोटिवेशन ऑफ इंडिया, बेंगलूरु ने 8 अप्रैल, 2015 को पेडियाट्रिक के विकास के लिए अडजेस्टबल लाईट वेट मॉड्युलर व्हील चेयर (पी ए एल एम-डबल्यू सी) के ज्ञापन का करार दिया।समझौता किया।

8.12 आर.सी.आई. बैठक

28-29 अप्रैल, 2015 को राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में आर.सी.आई. द्वारा बी.एड. विशेष शिक्षा (एम डी) पाठ्यक्रम के लिये कोर्स पाठ्यक्रम फ्रेम वर्क की बैठक का आयोजन किया गया।

8.13 सम्मेलन

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 30-31 मई, 2015 के दौरान, सेंट इसाबेल अस्पताल, चेन्नई में दूसरी इंडियन चाइल्ड एकेडमी न्यूरोलॉजी (आई सी ए एन) पर पेडियाट्रिक न्यूरो डिसेबिलिटी विषय पर सम्मेलन आयोजित किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एस. सुरेश, निदेशक, मेडिस्कान, चेन्नई रहे। इस समारोह के दौरान आपने कुत्तुविलक्कु दीप प्रज्वलित किया। डॉ. के. श्रीधर, निदेशक, न्यूरोसाइंसेस, ग्लोबल हेल्थ सिटी, चेन्नई, गेस्ट ऑफ ऑनर रहे।

8.14 कार्यशाला

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, क्रोमपेट, चेन्नई के सहयोग से बालाजी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चेन्नई में मेडिकल प्रैक्टिसर्स के लिये दिव्यांगता मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण पर 12 जून, 2015 को कार्यशाला आयोजित की।

8.15 अभिमुखीकरण कार्यक्रम

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् के संयुक्त आयोजन दो 1-2 सितंबर, 2015 को I व II क्षेत्र (आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुदुचेरी) के लिये अभिमुखीकरण कार्यक्रम बनाम पाठ्यक्रम बैठक का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. सुरेखा रामचंद्रन, अध्यक्षा, छाउल सिंड्रोम, इंटरनेशनल, चेन्नई रहीं।

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने बहु विकलांगजनों के अंतरण पर स्टाफ, पालकों व बहु विकलांग जनों के अभिभावकों के लिये अभिमुखीकरण कार्यक्रम 31 सितंबर, 2015 को आयोजित किया। डॉ. प.टी. थॉरिसा कुट्टी ने उक्त विषय पर भाषण दिया।

8.16 गैस्ट लेक्चर

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने साई राम इन्स्टिट्यूट ऑफ हैल्थ सायंसेस, चेन्नई के डॉ. विजयानंद द्वारा " आत्मविनोद में होमियोपेथी " की भूमिका पर 25 सितंबर, 2015 को गैस्ट लेक्चर आयोजित किया ।

8.17 राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 20-21 नवंबर, 2015 को दौरान राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में रिहैबिलिटेशन साईंटिस्ट एंड प्रैक्टिशनर्स का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया । उद्घाटन कार्यक्रम 20 नवंबर, 2015 को आयोजित किया गया जिसकी मुख्य अतिथि श्रीमति आशालता गुहा, भूतपूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय न्यास रहीं। डॉ. डी.के. मेलन, भूतपूर्व निदेशक, रा.मा.वि.सं., गैस्ट ऑफ ऑनर रहे । इस अवसर पर डॉ. अमिताव मिश्रा, प्रोफेसर (विशेष शिक्षा), इग्नू, नई दिल्ली, श्री अखिल पॉल, निदेशक, सैंस इंटरनेशनल, डॉ. सरोज आर्या, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, पुनर्वास मनोविज्ञान, रा.मा.वि.सं. एवं प्रो. एस . आर मित्तल, देहरादून, उत्तर प्रदेश, उपस्थित थे ।

8.18 राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने एम.जी. यूनिवर्सिटी, कोट्टायम में 16-17 अक्तूबर, 2015 को दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण में सर्वोत्तम प्रैक्टिस के मॉडल पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया । सम्मेलन का उद्घाटन 16 अक्तूबर, 2016 को किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के लिये मुख्य अतिथि एडवोकेट श्री जोस के. मनी, माननीय विधान सभा सदस्य, कोट्टयम के करकमलों द्वारा किया गया । एडवोकेट श्री सुरेश कुरुप, एम एल ए (विधान सभा सदस्य), केरल लेजिसलेटिव असेंबली, डॉ. बाबु सेबिस्टियन, उप-कुलपति, एम.जी. यूनिवर्सिटी, कोट्टयम, कार्यक्रम के गैस्ट ऑफ ऑनर रहे ।

सम्मेलन के पहले दिन देश भर से सुप्रसिद्ध पुनर्वास व्यावसायिकों ने प्रारंभिक बाल्यावस्था एवं प्रारंभिक अंतरक्षेपण, शिक्षण व प्रशिक्षण, व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोजगार जैसे विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये ।

सम्मेलन के दूसरे दिन वयस्क स्वतंत्र जीवन यापन कौशल एवं गेरियाट्रिक पुनर्वास पर निम्नलिखित सिफारिशों सहित विषय प्रस्तुत किये गये ।

- राष्ट्रीय संस्थान/राष्ट्रीय संस्थानों के क्षेत्र के सी आर सी एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में स्थापित सभी गैर सरकारी संगठनों को गेरियाट्रिक पुनर्वास के लिये समर्पित इकाई की स्थापना करने की आवश्यकता है ।
- गेरियाट्रिक पुनर्वास पर केंद्रित सम्मेलन संगोष्ठियों द्वारा अनुसंधान प्रकाशन एवं डेलिबरेशन्स
- दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, सा.न्याय व सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार को गेरियाट्रिक जनसंख्या वाले दिव्यांगों के लिये पुनर्वास सेवाओं को बढ़ावा देने के लिये विशेष योजना बनाने की आवश्यकता है
- गेरियाट्रिक व्यक्ति जिनमें मानसिक मंदन, सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम एवं बहु विकलांगता हो उनके लिये राष्ट्रीय न्यास कुछ योजना बनाने की आवश्यकता है ।
- वयस्क दिव्यांगजनों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये गेरियाट्रिक पुनर्वास के लिये अलग ब्रांच बनाने पर आर सी आई को विचार करना चाहिए ।
- डिप्लोमा कोर्स/प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम/मॉड्यूलर पाठ्यक्रम रखना चाहिये । प्रत्येक राज्य में दिव्यांगजनों के गेरियाट्रिक पुनर्वास पर आर सी आई द्वारा प्रायोजित विशेष सी आर ई कार्यक्रम आयोजित करना चाहिए ।
- दिव्यांगजनों के गेरियाट्रिक पुनर्वास के लिये राज्य सरकार सहित केंद्रीय सरकार को स्पेशल होम्स चलाने चाहिये जैसे ओटी, पीटी, सामाजिक कार्य, मनोविज्ञान, पुनर्वास मनोविज्ञान, चिकित्सा मनोविज्ञान, नर्सिंग आदि । दिव्यांगजनों वाले गेरियाट्रिक पुनर्वास पर अलग मॉड्यूल या इकाई की स्थापना की आवश्यकता है ।
- राष्ट्रीय संस्थानों के जनादेशानुसार सभी राष्ट्रीय संस्थानों को विशेष दिव्यांगता वाले गेरियाट्रिक पुनर्वास पर हस्त पुस्तिका तैयार करने की आवश्यकता है ।
- क्षेत्र पर आधारित डी.के. के साथ दिव्यांगजनों वाले जीरियाट्रिक व्यक्तियों के सशक्तीकरण के लिये राष्ट्रीय संस्थान की स्थापना करनी चाहिये ।

8.19 संगोष्ठी

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 14 फरवरी, 2016 को "बहु विकलांग जनों के लिये आई टी पर अनुसंधान" पर आंतरिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया । डॉ.कलैमती, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, इन्फरमेशन टेक्नोलिजी विभाग, हिंदुस्तान यूनिवर्सिटी, चैन्नई, मुख्य अतिथि रहे एवं आई सी टी विषय पर खोज की ।

8.20 अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने 27-28 फरवरी, 2016 को " जीवित बनाये रखने के विकास के लिये शिक्षण"- बहु दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण पर इंडियन इन्स्टिट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड, नई दिल्ली में 2 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। माननीय चुनिंदा मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, सा.न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार ने 27 फरवरी, 2016 को सम्मेलन का उद्घाटन किया । सुश्री सईदा वाजिद हुसैन, आत्मविमोह एवं न्यूरोडेवलपमेंट डिसार्डर, राष्ट्रीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता गेस्ट ऑफ ऑनर रहीं । गणमान्य अतिथियों में डॉ. विनोद अग्रवाल, आई ए एस, सचिव, सा.न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय, भारत सरकार (डी ओ ई पी डब्ल्यू डी एस), श्री अवनिश के अवस्थी, आई ए एस, संयुक्त सचिव, भारत सरकार (डी ओ ई पी डब्ल्यू डी एस) सा.न्याय व सशक्तीकरण मंत्रालय एवं श्रीमति अमिता टंडन, युनिसेफ, नई दिल्ली रहें ।

8.21 स्नातक समारोह

बी.एड. स्पेशल एजुकेशन(एम डी) का तीसरा स्नातक समारोह 16 जुलाई, 2016 को राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान में आयोजित किया गया। डॉ. लता पिल्लै, निदेशक, राजीव गांधी नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ यूथ डेवलपमेंट, श्री पेरंबदूर, मुख्य अतिथि रहीं एवं डॉ. श्रीमन्नारायण राव, अध्यक्ष फाउंडर, डॉ. के.वी.आर फाउंडेशन, अमलापुरम, आंध्र प्रदेश, गेस्ट ऑफ ऑनर रहे। लगभग 17 स्नातकों ने डिग्री प्रमाण पत्र प्राप्त किये।

8.22 सचिव की भेंट

श्री लव वर्मा, आई ए एस, सचिव, पी डब्ल्यू डी सामाजीकरण विभाग, सा.न्याय व अधि. मंत्रालय, भारत सरकार ने 10 अगस्त, 2015 को राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान की भेंट की। सचिव ने सभी विभागों की भेंट की एवं दिव्यांगजनों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं का पुनरावलोकन किया एवं राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान के कर्मचारियों से बातचीत की।

8.23 मंत्री की भेंट

राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति छात्रों के लिये लैपटॉप वितरण, पी डब्ल्यू डी के अभिभावकों के लिये सीलने की मशीन, दिव्यांगजनों के लीये व्हील चेयर व ट्राइ साईकिल का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया एवं एथनेटिक ट्रैक का उद्घाटन किया, एवं राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान कैम्पस में 21 अगस्त, 2015 को आर्ट एग्जिबिशन एवं आई सी टी लैब का उद्घाटन किया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गहलोत, सा.न्याय व सशक्तीकरण विभाग, भारत सरकार मुख्य अतिथि रहे । श्री अनवीश कुमार अवस्थी, संयुक्त सचिव डी ई पी डब्ल्यू डी एस, सा.न्याय व सशक्तीकरण विभाग गेस्ट ऑफ ऑनर रहे । माननीय मंत्री ने (21 अभिभावकों को) मेसर्स गीता भवन न्यास, चेन्नई द्वारा प्रायोजित सीलने की मशीनों का वितरण किया। मोटिवेशन इंडिया बैंगलूरु द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति छात्रों ने 44 लैपटॉप प्राप्त किये, दिव्यांगजनों को 3 ट्राइ साईकिल व 2 व्हील चेयर वितरित किये।

नियुक्तियाँ/ नव कार्यभारग्रहणकर्ता :-

डॉ.हिमांशु दास, एम.आई.ई.पी.एम.डी. के निदेशक पद का 7 सितम्बर, 2015 (पूर्वाह्न) को कार्यभार ग्रहण किया।

डॉ.रौशन बिजली, ने 21 सितम्बर 2015 (पूर्वाह्न) को निदेशक, सी.आर.सी.-कोझिकोड का कार्यभार ग्रहण किया।

8.24 स्वच्छ भारत

स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर स्पेशल स्कूल भवन के सामने 29 सितम्बर 2015 को श्रमदान क्रियाकलापों में आइल स्पेशल स्कूल के बच्चों को शामिल किया गया।

24 सितम्बर से 9 अक्तूबर 2015 के दौरान स्वच्छ भारत अभियान के एक भाग के रूप में एम.आई.ई.पी.एम.डी. ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जैसे, क्लीन ड्राईव, रैली, श्रमदान, तथा स्वच्छता प्रतिज्ञा।

स्वच्छ भारत अभियान के अवसर पर स्पैशल स्कूल भवन के सामने 29 सितम्बर 2015 को साफा-सफाई क्रियाकलापों में माडल स्पैशल स्कूल के बच्चों को शामिल किया गया।

2 अक्तूबर 2015 को स्वच्छ भारत प्रतिज्ञा, रैली तथा क्लीन इंडिया क्रियाकलाप

5 अक्तूबर 2015 को कर्मचारियों द्वारा स्वच्छ भारत प्रतिज्ञा

2 अक्तूबर 2015 को स्वच्छ भारत प्रतिज्ञा, रैली तथा चलाया गया विशेष श्रमदान कार्यक्रम

एन.आई.ई.पी.एम.डी. परिसर में 8 अक्तूबर 2015 को वृक्षारोपण

8.25 सतर्कता जागरूकता सप्ताह

एन.आई.ई.पी.एम.डी. सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया(26-31 अक्तूबर 2015)। इस दौरान, सार्वजनिक स्थलों तथा कैम्पस परिसरों में जागरूकता रैलियों का प्रदर्शन किया। 28 अक्तूबर 2015 को सतर्कता प्रतिज्ञा ली गई।

8.26 स्वच्छ भारत अभियान

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र सं.D-31012/1/2014, दिनांक 5 फरवरी, 2016 में दिये गये निर्देशानुसार 8-22 फरवरी 2016 को स्वच्छता भारत अभियान का आयोजन किया गया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. 9 व 11 फरवरी, 2016 को क्लीन ड्राइव का आयोजन किया तथा साफ सफाई रखने से स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में 17 फरवरी, 2016 को अभिमुखी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

8.27 शिविर शिविर

एन.आई.ई.पी.एम.आर. विस्तार केन्द्र सिक्किम के कर्मचारियों ने सिक्किम सरकार के सामाजिक न्याय, सशक्तिकरण तथा कल्याण विभाग एवं राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान, सिकंदराबाद के सहयोग से सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 22 व 24 अप्रैल 2015 को सिक्किम के चार जिलों, ईस्ट (सिंगटम), साउथ (नमची), वेस्ट (ग्यालशिंग) तथा नार्थ (मंगन) में आयोजित आकलन तथा मूल्यांकन शिविर में भाग लिया। लगभग 234 विकलांग व्यक्ति इस मूल्यांकन शिविर में भाग लिया।

8.28 ट्राई साइकिल तथा व्हील चेयरों का वितरण

एन.आई.ई.पी.एम.आर. तथा मोबिलिटेक्स इंडिया, डेनमार्क के बीच में हुई समझौता (एमओयू) के अनुसार 8 अक्तूबर 2015 को 50 आधुनिक व्हील चेयर तथा ट्राईसाकिल विकलांग व्यक्तियों को वितरित किये गये।

8.29 वितरण शिविर

स्वप्नगिरि ग्राउन्ड, कोझिकोड में 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर, 2015 के दौरान एम.आई.ई.पी.एम.डी. ने दिव्यांगजन के लिए साधन व उपकरण का मेगा वितरण शिविर का आयोजन किया। माननीय मंत्री श्री थावर चंद गेहलोत, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने इस शिविर का उद्घाटन किया तथा दिव्यांग व्यक्तियों को साधन व सहायक उपकरणों का वितरण किया। श्री एम.के. राघवन, एम.पी. इस कार्यक्रम का अध्यक्षता की, डॉ.एम.के.मुनीर, माननीय सामाजिक न्याय के मंत्री, केरल सरकार प्रोजेक्ट डिरेक्टर श्री का उद्घाटन किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथिगण श्री अवनीश के.अवस्थी, आई.ए.एस., संयुक्त सचिव, भारत सरकार, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, श्री एन.प्रशांत, आई.ए.एस., जिला कलेक्टर, कोझिकोड, श्री वी.के.सी.मम्मेदकोया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मेयर, कोझिकोड, श्री ए.प्रदीप कुमार, एम.एल.ए., श्री बाबु पारक्कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।

8.30 सी.आर.सी.नेल्लूर का शिलान्यास कार्यक्रम तथा पक्षिप वितरण शिविर

सी.आर.सी. नेल्लूर का शिलान्यास कार्यक्रम तथा पक्षिप वितरण शिविर में एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने 3 जनवरी, 2016 को भाग लिया और वेंकटाचलम मण्डल में स्टाल लगाया। श्री नारा चंद्रबाबु नायुडु, माननीय आंध्रप्रदेश मुख्यमंत्री ने साधन व सहायक उपकरणों का दिव्यांगजन को वितरण किया। श्री एम.वैंकय्या नायुडु, माननीय शहरी विकास तथा संसदीय मामले के मंत्री, भारत सरकार एवं श्री थावर चंद गेहलोत, माननीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, भारत सरकार इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

8.31 भारत निर्माण सार्वजनिक सूचना अभियान

प्रेस इनफरमेशन ब्यूरो (पीआईबी), चेन्नई द्वारा विंध्याचलम में 29-31 अक्तूबर, 2015 को आयोजितभारत निर्माण सार्वजनिक सूचना अभियान में भाग लिया। डॉ.एस.सुरेशकुमार, आईएएस., जिला कलेक्टर, कडलूर ने 29 अक्तूबर 2015 को इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉ. पी.एम.नेल्लिथल कुमार, आरडीओ, विंध्याचलम इस कार्यक्रम के माननीय अतिथि रहे। श्री के.मुथुकुमार, आईएएस, एडीजी, पी.आई.बी. चेन्नई कार्यक्रम की अध्यक्षता की केन्द्र तथा राज्य सरकार के मंत्रालयों व विभागों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया।

8.32 राष्ट्रीय पुरस्कार

सुश्री आई.ए.निवेदा, विशेष कर्मचारी (गेस्ट फैकल्टी - ज्वेल तैयारी प्रशिक्षु, डेयरल), एन.आई.ई.पी.एम.डी., ने उत्तम दिव्यांग कारीगर - बहुदिव्यांग (महिला) के वर्ग में राष्ट्रीय पुरस्कार 3 दिसम्बर, 2015 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह के दौरान माननीय केन्द्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली से प्राप्त किया। पुरस्कार के रूप में नकद राशि, प्रमाण पत्र तथा मेडल मिला।

8.33 भारतीय संस्कृति उत्सव औ भारत मेला - २०१५

एन.आ.ई.पी.एम.डी. ने 11 वा भारतीय संस्कृति उत्सव औ भारत मेला - 2015 में ईस्ट अमेया स्मृति संघ के सहयोग से बंगीय सेवा समिति द्वारा शिमुलतला अवगामी पार्क ग्राउन्ड, रामकृष्णा पल्ली, सीनारपुर, कोलकाता में 12-18 दिसम्बर, 2015 भाग लिया और स्टाल लगाया।

8.34 डेक एक्सपो 2015

डेक लीडर्स द्वारा आयोजित इंडियन डेक एक्स्पो 2015 के दौरान पी.एस.जी. कॉलेज ऑफ आर्ट्स एण्ड साईंस, कोयम्बटूर में 17-20 दिसम्बर, 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने भाग लिया।

8.35 बाढ़ राहत चिकित्सा शिविर

एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र, अन्नानगर, चेन्नई ने जी.एल.आर.ए.एफ. इंडिया के सहयोग से 10 दिसम्बर, 2015 को नटुवंचनाय, एम.जी.आर.कोलोनी, एम.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र, अन्नानगर, चेन्नई बाढ़ राहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। लगभग 210 लाभान्वितों को चिकित्सा उपचार दिया गया, दवाईयाँ वितरित की गई, रोगियों को परामर्श दिवागया तथा मौलिक चिकित्सा दी गई।

8.36 निरीक्षण:

श्रीमति सेन्थिलकुमारी, जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, कांचीपुरम जिला ने 22 दिसम्बर, 2015 को नए पाठ्यक्रम, अर्थात् डी.एड., स्पेशल एजुकेशन (एमडी), बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (एएसडी), बी.एड.स्पेशल एजुकेशन (डीएची), एम.एड.स्पेशल एजुकेशन (एमडी) तथा एम.एड.स्पेशल एजुकेशन (एएसडी) प्रारंभ करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु एन.आई.ई.पी.एम.डी. का दौरा किया।

तमिलनाडु टीचर्स एजुकेशन विश्वविद्यालय, चेन्नई के निरीक्षण दल के सदस्यों ने एन.आई.ई.पी.एम.डी. कब 28 दिसम्बर, 2015 कब बी.एड. स्पेशल एजुकेशन (एमडी) पाठ्यक्रम संबंधित का नवीकरण के लिए स्थिति निरीक्षण हेतु भेंट की।

8.37 एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र का उद्घाटन

एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र का उद्घाटन तथा आर.जी.एम.आई.वाई.डी. के अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों को मूल आधार पर लैपटप वितरण आर.जी.एम.आई.वाई.डी., श्रीपेरम्बुदुर में 12 जनवरी, 2016 को आयोजित किया गया। डॉ.लक्ष्मिल्लो, निदेशक, आर.जी.एम.आई.वाई.डी., एन.आ.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र का उद्घाटन किया और संबोधन किया।

8.38 आईएएस अधिकारियों को प्रशिक्षण

आईएएस प्रशिक्षु अधिकारियों के संस्थागत आवासिय कार्यक्रम के एक भाग के रूप में, लालबहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, मसूरी के 18 आईएएस अफसरों ने 12 फरवरी, 2016 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. का अध्ययन दौरा किया। इस दौरे में आई.ए.एस. अफसरों को संस्थान की गतिविधियों के बारे में बताया गया।

अध्याय 9
पूर्वोत्तर राज्यों में कार्यक्रम

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार हरेक दिव्यांग व्यक्ति के सशक्तिकरण की ओर ध्यान दे रहा है। इस लक्ष्य को पाने के लिए, सभी राष्ट्रीय संस्थानों को पूर्वोत्तर राज्यों में विस्तार केन्द्र स्थापित करने तथा दिव्यांगजन के लिए अधिक कार्यक्रमों का आयोजन के लिए निर्देश दे रहा है। मंत्रालय के निर्देशानुसार, एन.आई.ई.पी.एम.डी. सिक्किम तथा मणिपुर में स्पैस्टिक सोसाइटी ऑफ सिक्किम एवं स्पैस्टिक सोसाइटी ऑफ मणिपुर की सहयोग से क्रमशः सिक्किम एवं मणिपुर में विस्तार केन्द्रों की स्थापना की और वर्ष 2015-16 के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। पूर्वोत्तर राज्यों में आयोजित कार्यक्रमों का विवरण निम्नलिखित है -

9.1. मणिपुर

9.1.1. सेरेब्रल पाल्सी जागरूकता दिवस

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के मणिपुर विस्तार केन्द्र ने 7 अक्तूबर 2015 से 14 अक्तूबर 2015 तक विश्व सेरेब्रल पालसी दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्थान द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जैसे सेरेब्रल पालसी व्यक्तियों के लिए खेल-कूद, आर्ट व क्राफ्ट क्रियाकलाप, संगीत व नृत्य प्रतियोगिता, मुफ्त मेडिकल हेल्थ चैक अप तथा घूमने जाना तथा सी.पी. क्लब गठित करना।

9.1.2 पेंटिंग प्रतियोगिता

इस समारोह के दौरान, समाज में दिव्यांगों का समावेश के विषय पर एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र, मणिपुर में 4 दिसम्बर, 2015 को राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र के पाँच छात्रों ने विभिन्न श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त किये।

9.1.3 राज्य स्तर अभिलिम्पिक प्रतियोगिता -2015

एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र, मणिपुर ने 5 दिसम्बर, 2015 को मणिपुर में राज्य स्तर अभिलिम्पिक 2015 का आयोजन किया। कार्पेन्टरी, मोरामोकिंग, टेलरिंग, एम्ब्राइडरी, बुनना, कोलाज तैयार करना, रेशम धागा बुनना तथा वाटर कलर पेंटिंग प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

9.1.4 हाफ - मैरथॉन "रन फॉर इन्क्लूजन"

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के विस्तार केन्द्र, मणिपुर तथा स्पैस्टिक सोसाइटी ऑफ मणिपुर ने संयुक्त रूप से "दि रन फॉर इन्क्लूजन" - विकलांग व्यक्तियों के लिए अनावरोधक तथा अधिकार आधार समाज का 15 नवम्बर 2015 से आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोगों जागरूकता का सृजन करने के लिए सकारात्मक बदलाव के लिए दलों के द्वारा संदेश देने के लिए आयोजन किया गया था। यह रन श्री ओइनमनाबाकिशोर सिंह, आई.ए.एस., प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, मणिपुर सरकार के उपस्थिति में श्री देब बर्मन, आई.ए.एस., प्रधान सचिव, समाज कल्याण विभाग, मणिपुर सरकार, श्री नाबाकिशोर, आई.ए.एस., विकलांग व्यक्तियों के राज्य आयुक्त की उपस्थिति में किया गया। खुमनलंपक से आरंभ होकर यह रन इम्फाल ईस्ट तथा इम्फाल वेस्ट के आस पास 21कि.मी. की दूरी को आवरत किया। इस मैरॉथॉन में लगभग 649 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

9.1.5 पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कॉन्फरेंस

विकलांग व्यक्तियों के पुनर्वास तथा शिक्षा में हाल ही के प्रवृत्तियों तथा आर.सी.आई. द्वारा पूर्वोत्तर क्षेत्रों में चलाये जाने वाले पाठ्यक्रमों का इम्पैक्ट असेसमेंट एण्ड एसडब्लूओटी विश्लेषण पर सैंटीनरी हॉल, मणिपुर विश्वविद्यालय, चंचीपुर, इम्फाल में 20 तथा 21 जनवरी, 2016 को राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, चैन्नई, भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली तथा स्पैस्टिक सोसाईटी आफ मणिपुर द्वारा दो दिवसीय पूर्वोत्तर क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। 20 जनवरी, 2016 को उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। डॉ.थोकचोम मोन्या, संसद के माननीय सदस्य, लोकसभा इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। श्री प्रसन्न कुमार पिंचा, दिव्यांजन के भूतपूर्व आयुक्त, श्री असीक चक्रबोर्ती, अध्यक्ष, आरसीआई-ईस्ट जोनसीसी तथा श्री बी.एस.संतोष खन्ना, व्यावस्थाता पीटी, एन.आई.ई.पी.एम.डी. इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

9.1.6 विकलांगता से संबंधित विषयों पर मीडिया कर्मचारियों के लिए कार्यशाला

राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, चेन्नई तथा स्पैस्टिक सोसाईटी आफ मणिपुर एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्र मणिपुर द्वारा 19 जनवरी, 2016 को होटल क्लासिक, इम्फाल, मणिपुर में मीडिया कर्मचारियों के लिए विकलांगता से संबंधित विषयों पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

9.1.7 मधुविकलांगता पर सम्मेलन

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के विस्तार केन्द्र एवं स्पैस्टिक सोसाईटी ऑफ मणिपुर ने आइसीआई के सहयोग से "दिव्यांगजन के पुनर्वास व्यावसायिकों के क्षमता निर्माण" पर 3-4 मार्च, 2016 2 दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया।

9.2. त्रिपुरा

9.2.1 सम्मेलित खेल-कूद प्रतियोगिता:

एन.आई.ई.पी.एम.डी. द्वारा अलिम्को मिशन, अमरतला तथा समाज कल्याण विभाग तथा समाज शिक्षा, त्रिपुरा सरकार के सहयोग से 3 जनवरी, 2016 को उमाकांत स्पोर्ट अकादमी, अमरतला, त्रिपुरा में सम्मेलित खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्री पैतनी मूर्ती, विशेष सचिव, समाज कल्याण तथा समाज शिक्षा, त्रिपुरा सरकार द्वारा किया गया। श्री साहिता चौधरी, खेल मंत्री, त्रिपुरा सरकार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। विभिन्न श्रेणियों में कुल 32 प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया, अर्थात्, स्लाईड / लो विजन, लोकोमोटर क्षतिग्रस्त, मानसिक मंद, बाधी व अवरुद्ध क्षतिग्रस्त के लिये आयोजन किया गया था। कुछ प्रतिस्पर्धाएँ थे - 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, ट्राई साइकिल रेस, रिंग थ्रो तथा शॉट पुट आदि। अभिभावकों तथा संरक्षकों के लिए 50 मीटर रेस तथा म्यूजिक चेयर का आयोजन किया गया था। विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों के लगभग 300 सहभागियों जिसमें पी.डब्ल्यु.डी. तथा अभिभावक / संरक्षकों ने सक्रिय रूप से प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया।

9.2.2 राष्ट्रीय सम्मेलन:

एन.आई.ई.पी.एम.डी. 20-21 फरवरी, 2016 को अमरतला, त्रिपुरा ने विकलांग व्यक्तियों के लिए सहायक तकनीकि पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया।

9.3. असम

9.3.1 राउन्ड टेबल सम्मेलन:

पूर्वोत्तर क्षेत्र में पुनर्वास सेवाओं पर स्टेक होल्डरों के लिए एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने अक्सीमसर्वशिक्षा अभियान, गुवाहटी असम में 4-5 नवम्बर, 2015 को स्टेक होल्डरों का प्रथम राउन्ड सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन एसएसए आईई, असम के सहयोग से किया गया। एसएसए आईई के राज्य परियोजना समन्वयक, विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के प्रधान तथा पुनर्वास क्षेत्र में कार्यरत् वरिष्ठ अधिकारी एवं एन.आई.ई.पी.एम.डी. के प्रतिनिधि एवं मणिपुर, सिक्किम तथा त्रिपुरा के एन.आई.ई.पी.एम.डी. विस्तार केन्द्रों के स्टाफ ने भाग लिया। कुल मिलाकर 17 संगठनों के 35 सहभागियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

9.3.2. पूर्वोत्तर में खेलकूद प्रतियोगिता:

इस क्षेत्र में एन.आई.ई.पी.एम.डी. की गतिविधियों में से यह पूर्वोत्तर क्षेत्रीय बैठक एक विशिष्ट प्रतिस्पर्धा है। एन.आई.ई.पी.एम.डी. 3 मार्च से 8 मार्च, 2016 तक शिशु समोथी के सहयोग से साइसजई स्टेडियम, गुवाहटी, असम में क्षेत्रीय खेल-कूद प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया। क्षेत्र के 460 बच्चों को यह कार्यक्रम आकर्षित किया। बच्चों ने ट्रैक इवेंट, गेम्स् तथा समूह प्रतिस्पर्धाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेष आवश्यकता वाले एथलेटों को कार्यक्रम के दौरान स्टैन्डई रहने की सुविधा एवं यात्रा सुविधा देकर विशेष रूप से देखरेख की।

9.3.3 डीवीजार समन्वयकों की बैठक

पूर्वोत्तर क्षेत्र के सी.बी.आर. समन्वयकों की बैठक गुवाहाटी में 10 से 12 फरवरी, 2016 को आयोजित किया गया और इस कार्यक्रम में 30 सहभागियों ने भाग लिया। इस समन्वयकों का बैठक पैरेप्लिन्स् वायस्स एण्ड विजन, मुम्बई तथा शिशु सरोनी, गुवाहाटी के सहयोग से आयोजन किया गया। संसाधन व्यक्तियों बहुविध विकलांगता इसका प्रभाव, क्षेत्र के विशिष्ट मामलों के संदर्भ में समुदाय आधारित पुनर्वास के लिए कौशल पर जोर दिया तथा इस क्षेत्र में हाल ही के विकास पर प्रकाश डाला गया।

9.4. मिजोरम

9.4.1 कार्यशाला

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने मिजोरम के दो जिलों अर्थात, आइजॉल में 8.2.2016 को तथा 9.2.2016 को एवं सेरछिप में 11.2.2016 तथा 12.2.2016 को विकलांगता पुनर्वास पर प्रशिक्षण-कम-जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन माननीय पी की लालथानलियानाचचुआन, समाज कल्याण मंत्री, मिजोरम द्वारा किया गया एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों, एन.आई.ई.पी.एम.डी. के अधिकारियों, जोरम पन्दु चौल (गैर सरकारी संगठन) के अधिकारियों तथा पीस ड्रोम (गैर सरकारी संगठन) के अधिकारियों द्वारा अभ्यावेदन की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 486 सहभागी थे जिसमें व्यावसायिक, अभिभावक, पी.डब्ल्यू.डी. एसोसियेशन के प्रतिनिधि एवं विद्यार्थी शामिल थे।

इस पहल का आयोजन करने के लिए सहभागियों ने अपना आभार प्रकट किया और मिजोरम राज्य में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन करने का अनुरोध किया।

9.5. नागालैंड

9.5.1. कार्यशाला

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने दिमापुर, नागालैंड में प्रोडिगल्स् होम के सहयोग से 29 व 30 अक्तूबर 2015 को बहुविकलांगताओं पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम बैपटिस्ट चर्च वेलफेयर सोसाईटी कांफरेंस हॉल, दिमापुर, नागालैंड में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति थे - एन.आई.ई.पी.एम.डी. के श्री एम.कथिरवन, विशेष शिक्षक एवं राजीव कुमार घोष, व्यावसायिक चिकित्सक तथा सी.आई.एच.एस.आर., दिमापुर के डॉ.सिम्प्सन, के. इला, निदेशक, मनजन्य जमीर, सहायक निदेशक, ओबेद व अबेन, प्रोडिगल्स् होम और मिमासेन्ला स्टेट को-आर्डिनेटर। बहुविकलांगता एवं विभिन्न विकलांगों में इसका प्रभाव तथा नागालैंड में विकलांगता की स्थिति जैसे विषयों को आधारित किया गया। यह कार्यशाला मुख्यतः नागालैंड के विभिन्न जिलों के आशा कार्यकर्त्ताओं, अंगनवाड़ी कार्यकर्त्ताओं, एएसए-आईईडी कार्यकर्त्ताओं, सीबीआर कार्यकर्त्ताओं तथा डीपीओ संगठनों के लिए आयोजन किया गया।

पूर्वोत्तर क्षेत्र के समाचार पत्रों के क्लिपिंग



The Aizawl Post

সর্বশিক্ষা অভিযান মিছনৰ সহযোগত উত্তৰ-পূৰ্বাঞ্চলৰ ৰাজ্যসমূহৰ কৰ্মশালা

অসম সর্বশিক্ষা অভিযানৰ উদ্যোগত কর্মশালা সম্পন্ন

অসম সর্বশিক্ষা অভিযান মিছনৰ সহযোগত দুদিনীয়া কৰ্মশালা

THE MORUNG EXPRESS

NAGALAND

State level workshop on Multiple Disabilities concludes

অসম সর্বশিক্ষা অভিযান মিছনৰ সহযোগত উত্তৰ-পূৰ্বাঞ্চলৰ ৰাজ্যসমূহৰ দুদিনীয়া কৰ্মশালা

अध्याय 10

विकलांगजनों (दिव्यांगजनों), उनके परिवारों, आधारिक स्तर कार्यकर्ताओं, पुनर्वास व्यावसायिकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम तथा अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति अनुदान के अंतर्गत अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति समुदाय को सैपदॉर्पों का वितरण

जनगणना 2011 की विकलांग जनसंख्या के अनुसार, सामाजिक वर्ग के विकलांग व्यक्तियों के अनुपात में 2.45 % अनुसूचित जाति वर्ग के हैं और 2.05 % अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं। विकलांग व्यक्ति व उनके परिवार विकलांगता तथा उनकी जाति के कारण अधिक वंचित हैं। इस विषय के मद्देनजर, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग के विकलांग व्यक्ति तथा उनके परिवारों की क्षमता को बढ़ाने के लिए, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति की सेवा स्थिति को सुधारने के लिए इन कार्यक्रमों की योजना बनायी गयी।

एन.आई.ई.पी.एम.डी. के उद्देश्यों में से एक है, विकलांगता की रोकथाम तथा विकलांग व्यक्तियों, विकलांग बच्चों के अभिभावकों तथा पुनर्वास व्यावसायिकों को विकलांगता की रोकथाम पर जानकारी प्रदान करना। इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति अनुदान के अंतर्गत ऐसे ही प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति की सेवाओं को प्रदान किया गया।

सिकन्दराबाद स्थित परिसर में प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने कंजीपुरम तथा दिन्डीगल जिलों में 12 जनवरी 2016 को तथा 28 फरवरी, 2016 को अनुसूचित जनजातियों के लिए दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजित किया। लगभग 317 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम का लाभ उठाया जिससे विकलांग व्यक्ति के जीवन तथा उनके परिवारों में गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है, विकलांगता का प्रभाव कम किया जा सकता है और विकलांगता रोकथाम तथा पुनर्वास उपायों पर जागरूक किया जा सकता और समावेशी पर्यावरण बनाया जा सकता है।

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति को लैपटॉपों का वितरण

एन.आई.ई.पी.एम.डी. 27 अक्तूबर 2016 को अश्विनि गुडालुर, आदिवासी अस्पताल में 11 जनजाती नर्सिंग छात्रों को लैपटॉप वितरित किये।

अध्याय 11

प्रशासन

प्रशासनिक इकाई में विभिन्न अनुभाग शामिल हैं जैसे प्रशासन, स्थापना, संपदा एवं निर्वहण, लेखा, भण्डार एवं क्रय, प्रशिक्षण कार्यक्रम / शैक्षणिक तथा पुस्तकालय एवं सूचना अनुभाग इस संस्थान के प्रभावी संचालन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशासन, कार्मिक, सतर्कता, भारत सरकार की विभिन्न नीतियों का कार्यान्वयन, नियम व विनियम, मार्गदर्शन, क्रय, संभारतंत्र, शैक्षिक कार्यक्रमों की निविदा, बजट और आर्थिक प्रबंधन, संपदा, सूचना का प्रचार - प्रसार, संचार माध्यम द्वारा प्रचार, आर.टी.आई., राजभाषा कार्यान्वयन, आदि प्रशासनिक इकाई के इन अनुभागों के अंतर्गत किये जाते हैं।

11.1. कर्मचारी गण

स्वीकृत नियमित पदों का विवरण और रिपोर्ट किया जा रहा वर्ष, अर्थात् 2015-16 के दौरान भरे गये पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

स्वीकृत संख्या का विवरण : एन.आई.ई.पी.एम.डी.

कुल स्वीकृत पदों की संख्या (भारत सरकार / ई.एफ.सी. द्वारा स्वीकृत)	:	71 पद
फेज -I में स्वीकृत पदों की संख्या	:	32 पद
फेज -II में स्वीकृत पदों की संख्या	:	39 पद
वर्ग - क		
निदेशक	=	01
उप रजिस्ट्रार (प्रशासन)	=	01
एसोसियेट प्रोफेसर	=	06
लेखाधिकारी	=	01
व्याख्याता	=	06
सूचना तथा मीडिया अफसर	=	01
वर्ग - ख		
पुनर्वास अधिकारी	=	06
प्रोग्राम सहायक	=	06
विशेष शिक्षा शिक्षक	=	04
कुल		32 पद

ग्रेड-1 में भरी किये पद एवं रिक्त पदों का विवरण (31 मार्च 2016 तक)

क्र.	पद का नाम	मंजूर किये गये	भरी किये	रिक्त
1.	निदेशक	01	01	00
2.	एसोसियेट प्रोफेसर	06	02	04
3.	उप रजिस्ट्रार (एडमिन)	01	01	00
4.	लेखाधिकारी	01	01	00
5.	लेक्चरर	06	06	00
6.	इन्फो व मीडिया अफसर	01	01	00
7.	पुनर्वास अधिकारी	06	06	00
8.	प्रोग्राम सहायक	06	06	00
9.	विशेष शिक्षा शिक्षक	04	04	00
कुल		32	28	04

नोट: (I) वर्ग ब का एक पद (न्यून) एन.आई.एच.एच., मुम्बई से पोस्ट सहित अंतरण किया गया।

11.1.1 अ.ज./अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं दिव्यांगजन के लिए आरक्षित बैकलॉग पदों की भरना

वर्ष 2015-16 अवधि के दौरान, अ.ज./अ.ज.जा., अ.पि.व. एवं दिव्यांगजन के लिए कोई बैकलॉग रिक्त पद नहीं पहचाना गया।

11.2 पुस्तकालय एवं सूचना सेवा :

एन.आई.ई.पी.आई.डी. के शैक्षणिक तथा अनुसंधान मिशन को आगे बढ़ाने में पुस्तकालय एक मुख्य भूमिका निभाता है और ज्ञान के सृजन व प्रचार को सुगम बनाता है। पुस्तकालय में पुस्तकें, जर्नल्स, थीसिस, प्रतिवेदन, मानक, पैम्फलेट तथा अन्य पठनीय सामग्री उपलब्ध है। वर्ष 2015-16 के दौरान, अधिग्रहण के द्वारा नये ज्ञान का सृजन करने को सुगम बनाने का अपना मिशन की ओर आगे बढ़ा। पुस्तकालय में 3000 से अधिक पुस्तकें, जर्नल्स, थीसिस, रिपोर्ट, मानक व पैम्फलेटों का मुद्रण सामग्री संकलन उपलब्ध है। इसमें 200 से अधिक पुनर्वास संबंधी इलेक्ट्रानिक पुस्तकें व जर्नल्स को अभिगम्य प्रदान करता है। इसके उपयोगकर्ताओं को पुस्तकालय विभिन्न सेवाएं दी जैसे संदर्भ सेवा, सदस्यता, परिचालन, दस्तावेज वितरण, संसाधनों का आदान प्रदान और सूचना अलर्ट सेवा। पुस्तकालय के नियमों के अनुसार पुस्तकालय ग्राहकगणों को प्रिंट आउट और फोटोकापी सेवा भी प्रदान करता है। एन.आई.ई.पी.एम.डी. का पुस्तकालय संस्थान के कर्मचारियों, छात्रों, सरकारी पदाधिकारियों, पुनर्वास पेशेवरों, विकलांग व्यक्तियों और उनके अभिभावकों को सूचना की मांगों की पूर्ती करता है।

पुस्तकालय में पुस्तकों का रैक/ अलमारी एवं टेबल

वर्ष के दौरान 14432 सैदकर्ताओं ने पुस्तकालय की सैट की एवं उपयोगकर्ताओं को 2215 पुस्तकें जारी की गई। इसके अलावा, स्टाफ एवं छात्रों के उपयोग के लिए पुस्तकालय में कम्प्यूटर लैब की सुविधा है। स्टाफ तथा छात्र इंटरनेट तथा डिजिटल स्रोत (जैसे ई-जर्नल तथा ई-पुस्तकें) के लिए इस सुविधा से लाभ उठा सकते हैं। एस.ओ.यू.एस. सापटवेयर से पुस्तकालय की गतिविधियों ऑटोमेट किया गया है। मार्च 2016 तक पुस्तकालय में संकलित पुस्तकों की संख्या निम्नानुसार है-

31 मार्च 2016 तक कुल स्टॉक

क्र.	संकलन	31 मार्च 2016 तक
01	पुस्तकें	2878
02	जर्नल	38
03	समाचार पत्र के सिलपिंग	3110
04	पूर्व वाल्यूम	130

कम्प्यूटर क्षेत्र में दिव्यांगजन को प्रशिक्षण

अक्षमता, पुनर्वास तथा एन.आर.ई.पी.एम.डी. के गतिविधियों पर जनता के संवेदीकरण के लिए एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने विभिन्न सरकारी तथा प्राईवेट संगठनों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों में स्टाल लगाया। सेरेब्रल पालसी जागरूकता दिवस, हेमोफिलिया जागरूकता दिवस, आटीज्म जागरूकता दिवस तथा अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के दौरान चेन्नई तथा आस पास क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया गया। सूचना प्रचार के अंतर्गत, यह विभाग ने जागरूकता सामग्री जैसे, पोस्टर्स, हैंडआउट तथा ब्रोचर, कैलेण्डर, डायरी, आदि का प्रचार किया। एन.आर.ई.पी.एम.डी. वार्षिक प्रतिवेदन गैर सरकारी संगठनों तथा स्वयंसेवी संगठनों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं जागरूकता अभियान के दौरान वितरण किया गया।

वर्ष 2015-16 के दौरान प्रदर्शनियों में सहभागिता एवं जागरूकता अभियान संबंधी विवरण निम्नानुसार है -.

प्रदर्शनी एवं जागरूकता अभियान का विवरण

क्र.	कार्यक्रम का नाम	तिथि व स्थान
01	भारत निर्माण सार्वजनिक सूचना अभियान	29 – 31 अक्तूबर 2014, विरुधाचलम
02	"दि रन फॉर इन्क्लूजन " – दिव्यांगजन के लिए अनावरोधन एवं अधिकार आधारित समाज के लिए	15 नवम्बर 2015, मणिपुर
03	जातीय संहती उत्सव औ भारत मेला - 2015	12 – 18 दिसम्बर 2015, कोलकाता
04	"इंडियन डेफ एक्स्पो 2015"	17 – 20 दिसम्बर 2015, कोयम्बतुर
05	दिव्यांगजन को साधन व उपकरणों का वितरण शिविर के दौरान प्रदर्शनी	3 जनवरी 2016, नेल्लूर
06	53 वे अखिल भारतीय आक्युपेशनल थेरपिस्ट एसोसियेशन पर राष्ट्रीय सम्मेलन	29 - 31 जनवरी 2016, एसआरएम विश्वविद्यालय, चेन्नई
07	विकलांगता विषयों पर मीडिया कर्मियों के लिए संवेदीकरण	19 जनवरी 2016, मणिपुर
08	मानसिक रोग पर जागरूकता एवं पहचान	8 – 9 फरवरी 2016, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु
09	इन्टरनेशनल कॉफरेंस ऑन एजुकेशन फॉर सस्टेनबल डेवलपमेंट : एम्पावरिंग इन्डीविजुवल्स् विथ मल्टीपल डिसेबिलिटी	27 – 28 फरवरी 2016, नई दिल्ली

भारतीय डैफ एक्सपो-2015, कोयम्बतूर में एन.आई.ई.पी.एम.डी. की सहभागिता

मीडिया कवरेज

ADYAR TIMES

ECR - OMR EDITION

माननीय मंत्री श्री थावर चंद गेहलोत ने 21 अगस्त, 2015 को एन.आई.ई.पी.एम.डी. में कला प्रदर्शनी का उद्घाटन किया

Rs.19-cr. aid for setting up centre for differently abled

सी.आर.सी. कॉंड्रिफोर्ड वितरण शिविर

Nivetha with multiple impairments receives National award for the best employee

उत्तम कर्मचारी को राष्ट्रीय पुरस्कार
सुश्री निवेता (विशेष कर्मचारी, एन.आई.ई.पी.एम.डी.)

NIEPMD, Abhoy Mission holds inclusive sports meet

৩৯ ইভেন্টে ক্রীড়া প্রতিযোগিতা সম্পন্ন
প্রতিবন্ধীরাও দেশের সম্পদ: ক্রীড়ামন্ত্রী

अमरतला में पी.डब्ल्यू.डी. के लिए खेल-कूद का आयोजन

11.3 सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत किया गया कार्य

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 (आर.टी.आई.) भारत के संसद का एक अधिनियम है जिसके अंतर्गत सार्वजनिक प्राधिकरण के नियंत्रण के अधीन उपलब्ध सूचना प्राप्त करने का अधिकार नागरिक को प्रदान करने हेतु व्यवहारिक व्यवस्था किया गया है, ताकि हर एक सार्वजनिक प्राधिकरण के कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिले। केन्द्रीय सूचना आयुक्त, भारत सरकार एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार एन.आई.ई.पी.एम.डी. ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का कार्यान्वयन किया। संस्थान के निदेशक के नेतृत्व में केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी जो पौनर्वादिक प्राधिकारी है, सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्दर जो व्यक्ति सूचना मांगता है, उसको सूचना देने के जिम्मेदार है। जन सूचना अधिकारी जो संपर्क अधिकारी हैं, संबंधित प्राधिकरण का साथ सभी पत्राचार संभालता है। आरटीआई अधिनियम के अन्दर अपने नियत कार्यों का कर्तव्य निभाते समय, संस्थान को 39 आरटीआई आवेदन प्राप्त हुए और निर्धारित समय के अंदर जवाब दिया गया। आरटीआई से संबंधित त्रैमासिक विवरण ऑनलाईन में केन्द्रीय सूचना आयुक्त को निर्धारित मार्गनिर्देशानुसार प्रस्तुत किया गया।

11.4 राजभाषा कार्यान्वयन

हिन्दी कार्यान्वयन हेतु संस्थान में एक समिति का गठन किया गया जो सरकारी मामलों में हिन्दी के बेहतर प्रयोग हेतु राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा जारी किये गये सभी अनुदेशों का अनुपालन कर रही है। कार्यालय के मोहर तथा कार्यालय लेटर पैड को द्विभाषी में बनाया गया। संस्थान के मासिक रिपोर्ट हिन्दी में भेजे गये एवं सभी प्रश्न पत्र द्विभाषी में तैयार किये गये एवं विद्यार्थियों को हिन्दी में लिखने की अनुमति दी गई।

11.5 सार्वजनिक शिकायत

वर्ष 2015-16 सार्वजनिक शिकायत पोर्टल के जरिये चार शिकायत प्राप्त हुए। जवाब तैयार किया गया एवं शिकायत करने वाले को भेजा गया।

अध्याय 12
विकलांगजन (दिव्यांगजन) के लिए समग्र क्षेत्रीय केन्द्र

विकलांग व्यक्तियों के लिए समग्र क्षेत्रीय केन्द्र (सीआरसी) केरल के कोझिकोड में विकलांग मामलों का विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित किया गया। यह केन्द्र 2011 से एन.आई.ई.पी.एम.डी. के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन समाज कल्याण कॉम्प्लेक्स, वेल्लिमडुकुन्नु, में कार्यरत् है। यह सी.आर.सी. को तकनीकी और मानवशक्ति प्रदान कर रहा है। सी.आर.सी. कोझिकोड के उद्देश्य निम्नानुसार है :

भौतिक चिकित्सक के पर्यवेक्षण में ट्रेडमिल पर वैक्ट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा प्रमस्तिष्क अंगघात से ग्रस्त लड़का

1. विकलांग व्यक्तियों को सेवाएँ प्रदान करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन विकास के लिए सरकारी और गैर सरकारी क्षेत्रों के पुनर्वास पेशेवरों, ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं, बहु पुनर्वास कार्यकर्ताओं और अन्य अधिकारियों को विकलांग व्यक्तियों की सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण देने का काम करना।
2. अभिभावकों और समुदाय में जागरूकता पैदा करने के लिए लोक शिक्षा कार्यक्रम चलाना
3. साधनों और उपकरणों के अभिकल्पना, गढ़ने व जोड़ने का काम करना
4. समाज में रोजगारी, पुनर्वास, चलन गति, संचार, मनोरंजन और संगठन पैदा करने के मौके की वृद्धि के लिए शैक्षिक सेवाएँ और क्षमता - विकास का काम चलाना।
5. उक्त क्षेत्र के विकलांग की गहनता और प्रकृति को ध्यान में रखकर विकलांग लोगों के विभिन्न दलों की मांगों के निर्दिष्ट संदर्भों में अनुसंधान और विकास का काम करना।

6. क्षेत्र की सामाजिक - सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के उपयुक्त पुनर्वास सेवाएँ वितरित करने के लिए पद्धतियों का विकास करना।

7. स्वैच्छिक संगठनों, अभिभावक दलों और स्व-सहयोग दलों का उत्साह बढ़ाकर और सहयोग देकर सेवाओं की वृद्धि को प्रेरित करना।

8. ग्रामीण क्षेत्रों में विस्तार सेवाएँ प्रदान कर और समुदाय पर आधारित पुनर्वास के सिद्धांतों को अपनाकर वर्तमान चिकित्सीय, शैक्षिक और रोजगार सेवाएँ के साथ अनुबंध स्थापित करना।

"बॉक्स राईडिंग" - एक आनन्ददाई खेल, सी.आर.सी. - कोझिकोड में मानसिक मंद बच्चो को वेस्टिब्युलर सेंस एवं प्रोटेक्टिव रिफ्लेक्स को बढ़ाता है

वर्ष 2015-16 के दौरान विकलांगजनों (दिव्यांगजनों) को प्रदान किये गये पुनर्वास सेवाओं का विवरण निम्नानुसार है :

2015-16 में सी.आर.सी. कोझिकोड में पंजीकृत क्लाईंट

क्लाईंट	2014-15	2015-16
नए केस	658	510
फालअप आप सत्र	17503	10003

विकलांगता की श्रेणी

क्र.	वर्ग	2015-16		कुल
		पुरुष	महिला	
01	एमआर	113	45	158
02	सीपी	07	06	13
03	एसडी	31	10	41
04	एचआई	05	05	10
05	ली विज़न	-	01	01
06	एएसडी + एमआर	09	02	11
07	सीपी + एमआर	08	08	16
08	सीपी +एचआई	01	01	02
09	विकासात्मक विलम्बता	10	01	11
10	ऑटिज्म	01	01	02
11	अन्य (स्लो लर्नर एवं साइकोलोजिकल सेवाएँ)	178	67	245
कुल		363	147	510

वर्ष 2015-16 में विभाग वार नए केसेस् एवं फॉलोअप केसेस्

विभाग	नये केस	फॉलोअप सत्र
	2015-16	2015-16
क्लिनिकल साईकोलोजी	263	526
पेरेंट काउन्सिलिंग	104	135
फिजियोथिरेपी	51	1179
आक्यूपेशनल थिरेपी	75	1883
स्पेशल एजुकेशन	160	2395
स्पीच, लैंग्वेज, कम्यूनिकेशन	104	1833
ग्रूप थिरेपी	13	1685
सोशल वर्क	113	22
कुल	871	9658

12.1 आउटरीच सेवाएँ:

